CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C


हल्द्वानी, रविवार 14 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा: खड़गे पेज 2



ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण खेल टाइम्स



भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में एआई मिनिस्टर पेज 11



शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए बॉलीवुड



आगरा: ताजमहल के पास यमुना नदी का जलस्तर कम होने के बाद आगरा नगर निगम के कर्मचारी कीचड़ और गाद साफ करते हुए।

### आखिरकार आजिज आकर बोला चुनाव आयोग

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना हमारा काम, SC का नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: एसआईआर कराना विशेष अधिकार
- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी, तो ये अधिकार में दखल होगा।

आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर एक जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। आयोग ने कहा कि धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।

## भारत-पाक के बीच मुकाबला आज खून व पानी साथ नहीं तो मैच क्यों: उद्धव

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के रविवार को (आज) होने वाले मैच का लगातार विरोध हो रहा है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच ये पहला मौका है जब दोनों देश आमने सामने होंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे व अन्य नेता मैच को रद्द किए जाने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम जनता भी इस मैच के खिलाफ लिख रही है। सुप्रीम कोर्ट में भी मैच को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इन्कार कर दिया। एशिया कप 2025 में भारत पाकिस्तान के बीच 14 सितम्बर 2025 को दुबई में मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम 8:00 बजे से शुरू होगा।

## एडीआर फाउंडर प्रो. छोकर का निधन

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के को-फाउंडर और चुनाव सुधारों के प्रबल समर्थक प्रो. जगदीप एस छोकर का दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 81 साल के थे। प्रो. छोकर की इच्छा के अनुसार उनका शरीर रिसर्च के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज को डोनेट किया गया है। आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर रहे छोकर ने 1999 में एडीआर की स्थापना की। इसके जरिये चुनावी पारदर्शिता के लिए कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं।

## देश की ट्राइबल भाषाओं को समझाएगा एआई

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जनजातीय सशक्तिकरण और भारत की समृद्ध भाषाई विविधता के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आदि वाणी का बीटा संस्करण शुरू किया। यह जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई-संचालित ट्रांसलेटर है। यह प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। समर्पित वेब प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध, आदि वाणी को आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच संवाद की खाई को पाटने और उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके लुप्तप्राय आदिवासी भाषाओं की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति को आई सद्बुद्धि

# रिश्तों में दरार, टैरिफ वॉर का ट्रम्प को बड़ा मलाल

वाशिंगटन, वार्ता



- कहा: रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ ने भारत के साथ दरार पैदा कर दी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन विवाद अभी तक सुलझा नहीं है। इसे सभी ने हल्के में ले लिया था।

ट्रम्प ने कहा कि भारत रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माने सहित 50 (25 फीसदी + 25 फीसदी) टैरिफ लगाया। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है। याद रखें, यह हमारी समस्या से ज्यादा यूरोप की समस्या है। भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ पर चर्चा करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया कि वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए हैं, जिसे उन्होंने सबसे आसान समझा था। समाचार एजेंसी के मुताबिक, फॉक्स न्यूज को दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि यूक्रेन और रूस के बीच मुकाबला सबसे आसान होगा। समझौते के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब पुतिन ऐसा करना चाहते हैं, तो जेलेंस्की नहीं करते। जब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं, तो पुतिन नहीं करते। अब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं और -शेष पृष्ठ दो पर

### डर के चलते भारत पर टैरिफ लगाया गया: भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों (अमेरिका) को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसलिए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम वो लोग उठाते हैं, जो खुद को हमेशा चर्चा में देखना चाहते हैं। भागवत ने ये बातें नागपुर में ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के 7वें स्थापना दिवस पर कहीं। दरअसल ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ। वहीं रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया, जो 27 अगस्त से लागू हुआ।

# पीएम मोदी ने किया मणिपुर का दौरा



**इंफाल/चुराचांदपुर।** पीएम मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा कि मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा कि मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए। मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से, हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

- मणिपुर को साढ़े आठ सौ करोड़ की सौगात

### 51 किमी की रेल लाइन से मिजोरम दिल्ली से जुड़ा

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटी हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में है।

## नेपाल में सेना ने कर्फ्यू हटाया दैनिक जीवन सामान्य की ओर

**काठमांडू।** नेपाल में तख्तापलट के तीन दिन बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। संसद भंग करने के साथ छह महीने में उन्हें संसद यानी प्रतिनिधि सभा के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अपने पहले फैसले में पांच मार्च, 2026 को आम चुनाव का ऐलान कर दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उनकी सिफारिश मंजूर कर ली। अब सभी की नजर कैबिनेट विस्तार पर लगी हुई है। इस बीच अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू घाटी और नेपाल के अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेशों को हटा दिया। ऐसे में अब दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य होते दिखाई दे रहा है। घटनाक्रम पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेपाल की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनने के एक दिन बाद हुआ।

## हिमाचल के बिलासपुर में बादल फटा, मंडी में लैंडस्लाइड



- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा है। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गईं, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

वहीं, मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितम्बर के बीच 678.4एमएम बारिश होती है, इस बार 967.2एमएम बारिश हो चुकी है।

## मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर कहा कि पीएम मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है। श्री गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है। उन्हें बहुत पहले ही जाना चाहिए था।

# वायुसेना को 114 राफेल चाहिएं, रक्षा मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 60 फीसदी स्वदेशी सामान होगा, दो लाख करोड़ का सौदा संभव, यह सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन एयर फोर्स को 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमान की जरूरत है। इसके लिए सेना की तरफ से रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

इन विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगी। मेड इन इंडिया राफेल में 60 परसेंट सामान स्वदेशी होगा। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के तुरंत बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना की तरफ से केस स्टेटमेंट (एसओसी) या प्रस्ताव कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय को प्राप्त हुआ था। रक्षा, वित्त सहित अन्य विभाग इस पर विचार कर रहे हैं। विचार-विमर्श के बाद, प्रस्ताव को रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) और उसके बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीआरसी) के पास भेजा जाएगा। अगर फ्रांस के साथ यह सौदा हो जाता है, तो भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी। भारतीय सेना में 176 राफेल विमान हो जाएंगे 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारतीय सेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय वायु सेना पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है, और भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है। भारत और फ्रांस के बीच जून में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई थी।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक घुसा नौ को कुचला, मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया कि ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

### भारत-पाक मैच न देखें: ऐशन्या

**कानपुर।** एशिया कप में कल, 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला मुकाबला है। पहलगाम में कानपुर के शुभम द्विवेदी को आतंकियों ने उनकी पत्नी ऐशन्या की आंखों के सामने गोली मार दी थी। ऐशन्या ने इस मैच का विरोध किया है। उन्होंने ।छप् से बातचीत में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर में कई जवानों की जान गई। बावजूद इसके मैच कराया जा रहा है। मुझे लगता है कि बीसीसीआई में इमोशंस नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई वैल्यू नहीं रखती। शायद इसलिए, क्योंकि आपके घर से कोई नहीं गया।

# मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ष्श्री नरेंद्र मोदी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं, वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है। उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गए और 1,500 से ज्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000



■ डबल इंजन सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ली: खड़गे

लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं कीं हैं, लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गए और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया, लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार फिर से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की जिम्मेदारी है। इस बीच पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इस बात का एहसास कराता है कि एक नेता में सहानुभूति और करुणा का कितना अभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर 2023 से जल रहा है और उन्हें आज ढाई साल बाद वहां जाने का समय मिला। यह दौरा भी आधे-अधूरे मन से किया गया है। वहां बमुश्किल कुछ घंटे बिताए हैं।

# सहमति से बने शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रेम संबंधों और शारीरिक संबंधों से जुड़े एक मुद्दे एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि अगर प्रेम संबंधों में शारीरिक संबंध सहमति से बने हों, तो उन्हें दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि अगर महिला शुरू से यह जानती है कि सामाजिक कारणों की वजह से उसकी शादी मुमकिन नहीं है और बावजूद इसके वह सालों तक सहमति से शारीरिक संबंध बनाए रखती है, तो इसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की बेंच ने महोबा जिले के चरखारी थाना क्षेत्र की एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। महिला ने अपने सहकर्मी



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुद्दे पर दी अहम टिप्पणी

लेखपाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। दरअसल पीड़िता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 2019 में उसके सहकर्मी लेखपाल ने जन्मदिन की पार्टी के बहाने अपने घर बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाकर उसके दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। होश में आने के बाद शादी करने का वादा किया लेकिन चार साल बाद जातिगत ताना मारते हुए शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने एससी-एसटी की विशेष अदालत में परिवाद दाखिल किया, विशेष अदालत ने परिवाद खारिज कर दिया। इसके खिलाफ पीड़िता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अर्जी दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने दलील दी कि आरोपी लेखपाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ सालों तक संबंध बनाए। वहीं कोर्ट में आरोपी लेखपाल के वकील ने दलील दी कि पीड़िता ने खुद थाने और एसपी को लिखकर कार्रवाई से इनकार किया था।

# अंबेडकर पर टिप्पणी करने वाले संतों को मायावती ने दी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को साधु संतों को नसीहत देते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में बोलने की बजाय चुप रहें तो अच्छा होगा, क्योंकि वे लोग बाबा साहब की विद्वता के आगे कुछ नहीं हैं।

सुश्री मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जैसाकि विदित है कि आएदिन सुर्खियों में बने रहने हेतु विवादित बयानबाज़ी करने वाले कुछ साधु-सन्तों को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में रहे उनके अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इनको इस बारे में कोई भी ग़लत बयानबाज़ी आदि करने की बजाय यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा। उन्होंने कहा कि



■ ऐसे लोग बाबा साहेब की विद्वता के आगे कुछ नहीं

बाबा साहेब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? उसे भी इनको अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर ज़रूर समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ इन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि बाबा साहेब महान विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-सन्त, इनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। अतः इस बारे में भी कुछ कहने से पहले इनको ज़रूर बचना चाहिए, यही नेक सलाह है।

## राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान के समारोह में बोले सीएम योगी

# हर मरीज के साथ डॉक्टर करें अच्छा व्यवहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा शामिल हुए।

इस मौके पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक्टरों को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डाक्टरों का व्यवहार मरीजों के लिए काफी अहम होता है। गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर मिल जाए।



■ गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए: योगी

वार्ड बाय उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की दुखद मौत हो जाती है, तो संस्थान के वाहन से शव उसके घर तक पहुंचा दें। हमारे पास वाहन नहीं है तो संस्थान एक वाहन खरीद लें। निजी एंबुलेंस जो मरीजों को निजी अस्पताल ले जाती हैं, इन पर रोक लगनी चाहिए। पेशेवर ब्लड डोनेशन करने वाले लोग मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इस पर भी रोक लगे।

### यूपी में खुलेगा राज्य सहकारी महाविद्यालय: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन, अध्यापन और शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। वह शुक्रवार को केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के साथ सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। इससे पहले चले अभियान से व्यापक बनाया जाए। गांव-गांव में कैंप, आनला. इन/आफलाइन पंजीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और जमाकर्ताओं का विश्वास ही सहका. रिता की असली पूंजी है, इसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाए। केंद्रीय सहका. रिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं। बैठक में सहकारी बैंकिंग सुधारों की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि 2017-18 से 2024-25 तक राज्य सरकार द्वारा 16 बंद जिला सहकारी बैंकों को 306.92 करोड़ की सहायता से पुनर्जीवित किया गया है। मार्च 2025 तक 1000 करोड़ का ऋण व्यवसाय दर्ज हुआ और सभी बैंक लाभ में आ गए।

■ बोले- शोध व अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा

सीएम ने आगे कहा कि लोगों ने सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया। विकास किस तरह बाधित हो जाता है। ए हमने पड़ोसी देश में देखा। आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। तमाम घुमंतू जातियां अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। हमें उन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए दूरदर्शन से बात चल रही है। वो जमीन मिलने से यहां का विस्तार हो सकेगा। यह जमीन संस्थान के पास ही उपलब्ध है।



**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60



**सोना रु.** 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो



# अमेरिका को जेवरात निर्यात के विकल्प तलाश रहे सर्राफा व्यापारी: योगेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगने के बाद भारतीय सर्राफा व्यापारी दूसरे देशों के रास्ते वहां अपने सोने-चांदी के जेवरात निर्यात करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार से गहने-जेवरातों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'अपना दिल्लीवाला शो' के उद्घाटन के बाद आयोजकों ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि देश का 60 से 70 प्रतिशत गहनों का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। निश्चित रूप से अमेरिका के 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने से चुनौतियां सामने आई हैं, लेकिन उसके लिए वैकल्पिक बाजार तलाशे जा रहे हैं। प्रदर्शनी की आयोजक कंपनी इनफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि अमेरिका में सऊदी अरब से भी



सोने और हीरे के जेवरातों का आयात किया जाता है। वहां भारतीय कारीगर भी इस उद्योग में बड़ी संख्या में काम करते हैं।

सर्राफा कारोबारी अब ऐसे ही देशों को निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के देश और पश्चिम एशिया के देश शामिल हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार पर जारी वार्ता सफल रहेगी। सोने की ऊंची कीमतों के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (टीबीजेए) के चेयरमैन रामअवतार वर्मा ने कहा कि सोने के दाम फिलहाल घटने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सोने ने पहले भी कई मौकों पर 'लंबी छलांग' लगाई है और उसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब यह नीचे आएगा, लेकिन सोना कभी वापस नीचे नहीं आया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में सोने की वास्तविक मांग कम हुई है, लेकिन दाम बढ़ने के कारण राजस्व लगातार बढ़ रहा है। टीबीजेए के सीनियर चेयरमैन नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर में हाल में किए गए सुधारों में सोने पर कर कम नहीं किया गया। उन्होंने कहा सोने पर जीएसटी तीन प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब सोने के दाम कम थे उसकी तुलना में अब इस पर जीएसटी से सरकार को कई गुणा आमदनी हो रही है। इसलिए इस पर कर कम करके सरकार इस उद्योग का समर्थन कर सकती है।

### इस हफ्ते सोना 3,369 रुपये महंगा हुआ


**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 6 सितंबर को सोना 1,06,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 13 सितंबर को 1,09,707 रुपए पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 3,369 रुपए बढ़ी है। वहीं चांदी की कीमत इस हफ्ते 4,838 रुपए बढ़ी है। पिछले शनिवार को ये 1,23,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 1,28,008 रुपए पर पहुंच गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 रही।

# चावल नरम, गेहूं-चीनी हुए मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत दाम घट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। चीनी में भी मजबूती दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 89 रुपए घटकर 3,759 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपए चढ़कर 2,859.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 31 रुपए की मजबूती रही और यह 3,334.63 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 70 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 27 रुपए और पाम ऑयल की 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 15 रुपए और सूरजमुखी तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में सात रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। चना दाल भी 72 रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में तकरीबन छह रुपए और मसूर दाल में 55 रुपए प्रति क्विंटल की



नरमी रही। वहीं उड़द दाल में आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7892.79 रुपए, मसूर काली 8115.39 रुपए, मूंग दाल 10089.95 रुपए, उड़द दाल 10446.72 रुपए, अरहर दाल 10571. 89 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.13 रुपए और चावल 3759 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4329.01 रुपए और गुड़ 498074 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिश्तों में दरार....**

पुतिन पर सवालिया निशान है। हमें बहुत मजबूती से उतरना होगा। पुतिन के साथ मेरे हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं, यही एकमात्र युद्ध है, जिसे मैं सुलझा नहीं पाया हूं। ट्रम्प ने आगे बताया कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को कम करने के संबंध में वह कैसे बहुत मजबूती से उतरने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैंकों पर प्रतिबंध लगाने और तेल व टैरिफ से जुड़े मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। मैं पहले ही ऐसा कर चुका हूं, मैंने बहुत कुछ किया है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अन्य संघर्षों को सुलझाने में अपने रिकॉर्ड को भी दोहराया। ट्रम्प ने कहा कि मैंने सात युद्ध रोके, सात। मैंने पाकिस्तान और भारत समेत कई युद्ध सुलझाए। कुछ तो अनसुलझे थे। कांगो और रवांडा, मैंने सुलझाया। लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे युद्ध सुलझाए जो अनसुलझे थे। व्हाइट हाउस के एक बयान में ट्रम्प ने अपने अमेरिका फर्स्ट व्यापार एजेंडे का बचाव करते हुए कहा कि हम टैरिफ की वजह से सफल रहे हैं। इसने हमें उन देशों के साथ बातचीत करने की बड़ी ताकत दी है, जिन्होंने हमारा फायदा उठाया था। साथ ही इसने देश में अरबों डॉलर लाए हैं। हमारे पास एक बड़ा मामला है, यह अब सुप्रीम कोर्ट में है। यह मामला जीतना वाकई जरूरी है, क्योंकि इसने हमें एक अमीर देश बनाया है। ट्रम्प के मनमाने टैरिफ के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव आ गया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की ओर से अपने विशाल कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने का विरोध करने के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत विफल हो गई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार हर साल 190 अरब डॉलर से ज्यादा का होता है। ट्रम्प ने पहले भारत से आयात पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया, फिर कहा कि 27 अगस्त से टैरिफ दोगुना होकर 50 फीसदी हो जाएगा। यह टैरिफ नई दिल्ली की ओर से रूसी तेल की बढ़ती खरीद के दंड के रूप में लगाया गया है, क्योंकि वाशिंगटन यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि, जब ट्रम्प रूस और यूक्रेन की जंग नहीं रुकवा पाए, तो अब उन्हें अपने टैरिफ को पछतावा हो रहा है। इसके संकेत इस बात से ही मिलते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा था कि उनका प्रशासन भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगे। यह हफ्तों के कूटनीतिक गतिरोध के बाद संबंधों में सुधार का संकेत है। ट्रम्प की ओर से भारत में राजदूत के रूप में नामित सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते भारत के वाणिज्य मंत्री के वाशिंगटन दौरे पर प्रगति होगी। गोर ने भारत के बारे में कहा कि मैं यह सुनिश्चित करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाऊंगा कि वे हमारी ओर आकर्षित हों, न कि हमसे दूर जाएं। गोर ने कहा कि ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला नहीं किया है।

# उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग को मिला एफएसएआई का सर्वोच्च सम्मान

**लखनऊ, वार्ता**

नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन हॉल में एफएसएआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में महाकुंभ-2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को 'ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान के नेतृत्व में टीम को प्रदान किया गया।

महाकुंभ-2025 की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरुआत से ही 'सुरक्षित महाकुंभ' का संकल्प लिया था। चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग ने गंभीर से गंभीर अग्निकांड पर भी त्वरित काबू पाया और पूरे 45 दिन के आयोजन में शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इस दौरान 185 अग्निकांड और 24 बड़ी आग की घटनाओं पर काबू पाते हुए लगभग 16.5 करोड़ रुपए की संपत्ति को सुरक्षित बचाया गया। सम्मान पाने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद शर्मा (नोडल ऑफिसर महाकुंभ मेला), अंकुश मित्तल (सीएफओ), रमेश तिवारी (सीएफओ), संजीव कुमार (फायर ऑफिसर) और अमित कुमार (सेकंड फायर ऑफिसर) शामिल रहे। प्रमोद शर्मा ने बताया कि फायर डिपार्टमेंट ने आयोजन से पहले जो युद्धस्तर की तैयारियां की थीं, ये उसी का नतीजा है कि आयोजन के दौरान हमारी टीम ने दिन रात अग्निजनित घटनाओं का पूरी बहादुरी से सामना किया और शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 में 25 सेक्टरों में 54 फायर स्टेशन और 27 चौकियां स्थापित की गईं। 1500 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई। 351 फायर टेंडर और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर, क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, एटीवी, फायर मिस्ट बाइक, रोबोट और फायर फाइटिंग बोट जैसी तकनीक का उपयोग किया गया। इन व्यवस्थाओं की वजह से बिना जनहानि के सभी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सका।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑनलाइन सर्वे में जनता की पहली पसंद मुख्यमंत्री धामी

## आपदा प्रभावित राज्यों में सीएम धामी ने किया सबसे अच्छा काम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** देश के आपदा प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के कामकाज पर आयोजित टाइम्स ग्रुप के सर्वे में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। देश के आपदा प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के प्रदर्शन को लेकर नवभारत टाइम्स ने हाल ही में एक ऑनलाइन सर्वे कराया। सवाल था "आपदा प्रभावित राज्यों में सबसे बेहतर काम करने वाले मुख्यमंत्री कौन हैं?" इस सर्वे में चार नाम शामिल थे उमर अब्दुल्ला, सुखविंदर सिंह सुक्खू, पुष्कर सिंह धामी और भगवंत मान।

सर्वे के नतीजे साफ तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में रहे। सीएम धामी को 78.5% मत मिले। जबकि, कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को 20.4%, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को 0.6% और पंजाब के सीएम भगवंत मान को 0.5% वोट प्राप्त हुए। जनता का यह रुझान बताता है कि आपदा की घड़ी में मुख्यमंत्री धामी ने जिस तरह त्वरित राहत कार्यों को अंजाम दिया, बचाव एवं पुनर्वास योजनाओं को लागू किया और प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर पीड़ितों से सीधा संवाद किया उसने उन्हें बाकी नेताओं से अलग और आगे खड़ा कर दिया। सिर्फ नवभारत टाइम्स का सर्वे ही नहीं, बल्कि टाइम्स ऑफ इंडिया की ींजे।चच ब्वउउनदपजल पर भी जनता ने पुष्कर सिंह धामी को "पहली पसंद" करार दिया। इस प्लेटफॉर्म पर भी यूजर्स ने उनकी नेतृत्व क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की शैली और संवेदनशील दृष्टिकोण की खुलकर सराहना की।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह परिणाम साबित करते हैं कि आपदा जैसी परिस्थितियों में मजबूत और संवेदनशील नेतृत्व ही जनता का भरोसा जीत पाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बढ़ती लोकप्रियता उनके प्रशासनिक सक्रियता, समय पर लिए गए फैसलों और जमीनी जुड़ाव का प्रमाण है।

# हिंदी हमारी सभ्यता व संस्कृति की पहचान: सीएम

## धामी ने दी प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक भावनाओं, आकांक्षाओं एवं आदर्शों का प्रतीक है। किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ने में मददगार होती है। हिन्दी मात्र भाषा ही नही है बल्कि हमारी सभ्यता व संस्कृति की भी पहचान है। हिन्दी देश की एकता एवं अखंडता का भी आधार है। यह हमारी परंपराओं और हमारी विरासत का बोध कराने वाला एक सतत अनुष्ठान भी है।

उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर



हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है। हिंदी केवल हमारे लिए संवाद का माध्यम नहीं है बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और भारतीयता का प्रतीक भी है। हिंदी ने विविधता से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। सहजता, सरलता और सामर्थ्य से परिपूर्ण हिंदी में समन्वय की अदभुत क्षमता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिंदी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम में उनके द्वारा हिंदी का प्रयोग करने से हिंदी को वैश्विक पहचान मिली है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न देशों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी ने समाज में जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी सामाजिक चेतना का भी प्रमुख माध्यम रही है। स्वतंत्रता संग्राम के समय हिंदी संघर्ष की भाषा बनी और देशवासियों को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हिंदी के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

### हिंदी का गौरव बनाए रखना हमारा दायित्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी वैचारिक निष्ठा हिन्दी के प्रति रही है। हिंदी के गौरव को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। हिंदी के विकास के लिए जब हम सभी मिलकर कार्य करेंगे, तभी हिन्दी को अपेक्षित सम्मान प्राप्त होगा। हिंदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। हिंदी एक भाषा के रूप में भारतवासियों के बीच सेतु का भी काम करती है। देश की विभिन्न भाषाओं के साथ सामंजस्य बनाने की ताकत भी हिन्दी भाषा में है। राजभाषा हिन्दी के गौरव एवं सम्मान के लिये सभी से सहयोगी बनने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी दिवस पर हमें अपने दैनिक जीवन में हिन्दी के अधिक से अधिक प्रयोग का भी संकल्प लेना होगा।

## राज्यपाल ने हिंदी दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का आधार भी है। हिंदी भाषा विचारों, और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है, और हिंदी ने इसमें सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने कहा कि हिंदी ने देश की एकता को सशक्त करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है।

# दून अस्पताल पहुंचकर सीएम ने मरीजों से पूछा व्यवस्थाओं का हाल

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने किया दून अस्पताल का औचक निरीक्षण

■ दून अस्पताल में तीमारदारों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार संध्या को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार की गुणवत्ता तथा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपचाररत विभिन्न मरीजों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में पूछा। मरीजों और उनके परिजनों से संवाद के माध्यम से मुख्यमंत्री ने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को प्रत्यक्ष रूप से समझा तथा आवश्यक निर्देश भी दिए। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद वेटिंग एरिया (प्रतीक्षालय) में तीमारदारों के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव बंशीधर तिवारी, चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### बढ़ाएं सुविधाएं, स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान: सीएम

मुख्यमंत्री ने अस्पताल के वेटिंग रूम का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी सुविधाजनक वातावरण मिले, इसके लिए पेयजल, पंखे एवं बैठने की पर्याप्त एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि तीमारदार अस्पताल की व्यवस्था का अहम हिस्सा होते हैं और उन्हें भी बेसिक सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिससे वे मानसिक रूप से सहज रह सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, नियमित सैनिटाइजेशन तथा रंग-रोगन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से कराई जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल न केवल चिकित्सा का स्थान है, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक रूप से रोगियों एवं उनके परिजनों को संबल देने का स्थान भी है, अत: इसकी स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं सुव्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों की सुविधा और सम्मान भी राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारी अस्पतालों में आमजन को बेहतर सेवाएं मिलें, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर भी पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री धामी ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर भी पहुंचे, जहाँ उन्होंने सेंटर में कार्यरत ऑपरेटर से सैंपल संग्रहण की प्रक्रिया, उनकी रिकॉर्डिंग तथा प्रयोगशाला में होने वाली टेस्टिंग संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेंटर में उपयोग हो रही तकनीक एवं संसाधनों की कार्यकुशलता की सराहना की तथा इसकी निरंतर निगरानी के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पित है तथा इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और त्वरित सेवा व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि आम जनमानस को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

# सड़कों पर मलबा आने से क्षेत्र के कई ग्रामीण मार्ग बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** बीते रात्री हुई भारी बारिश के कारण जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर में कई मार्ग अवरुद्ध रहे। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पडा।

क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा के कारण जौनसार बावर के मुख्य मोटर मार्ग के बहुचर्चित भूस्खलन जोन जजरेट पहाड़ी से मलबा, पत्थर आने से मार्ग तीन घंटे बंद रहा जिसे लोक निर्माण विभाग सहिया ने करीब 9 बजे यातायात के लिए सुचारू कर दिया। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण मोटर मार्ग शंभू की चौकी पंजीया बनसार मोटर मार्ग, अलसी सकनी मोटर मार्ग, पीएमजीएसवाई के देऊ धोईरा, गडोल सक्रोल मार्ग, नागथात बिसोई, बाडवाला जूडो भटोगी मार्ग, बोसान बैंड आदि मार्गों पर भारी मलबा आने से आवाजाही अवरुद्ध रही। लोक निर्माण विभाग सहिया के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बंद मार्गों को खोलने के प्रायस जारी है। वहीं पीएमजीएसवाई कालसी के अधिशासी अभियंता रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि बीते रात्री हुई भारी बारिश के कारण सड़कों पर मलबा पत्थर आने से मार्ग बंद हो गए है जिसे खोलने के लिए मशीन भेजी जा रही हीं। जल्द ही मार्गों को खोला जाएगा।

# ढोंगी बाबाओं का पर्दाफाश: महिलाओं से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

## ऑपरेशन कालनेमि के तहत दून पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे श्ऑपरेशन कालनेमिश के तहत, रानी पोखरी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। दो ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है, जो साधु के वेश में लोगों को धोखा देते थे। इन ढोंगियों ने पति और पुत्र पर दैवीय प्रकोप का भय दिखाकर दो महिलाओं से ठगी की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी गई कान की बालियां, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की।

यह मामला तब सामने आया, जब 12 सितंबर, 2025 को रानीपोखरी थाने में एक शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता प्रदीप सिंह ने बताया कि दो साधु भेषधारी व्यक्तियों ने उनकी चाची और दादी से 3500 रुपये और कान की बालियां ठग लीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष रानीपोखरी विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। 13 सितंबर, 2025 को, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को रानीपोखरी में संनगाँव जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंजाब के होशियारपुर जिले के कहनूर (25) और गोपी (18) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे साधु बनकर लोगों के घरों में जाते थे और बीमारी का बहाना बनाकर लोगों को डराते थे। पीड़ित महिला के घर पहुंचकर, उन्होंने उसके पति और पुत्र पर दैवीय प्रकोप का भय दिखाया और कहा कि तीन दिन में उनकी मृत्यु हो जाएगी। इस डर का फायदा उठाते हुए, उन्होंने पूजा-पाठ के नाम पर उनसे पैसे और कान की बालियां ठग लीं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के समय भी ये दोनों किसी और महिला को ठगने की फिराक में थे।

## छावनी परिषद के नए सीईओ रिपु दमन सिंह ने संभाला पदभार

**चकराता।** छावनी परिषद चकराता के नवनियुक्त मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) रिपु दमन सिंह ने शनिवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर परिषद के शहीद केसरी चंद सभागार में आयोजित बैठक में परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर धीरज थापा ने उन्हें बोर्ड के सचिव एवं सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद परिषद अध्यक्ष सहित बोर्ड के अन्य सदस्यों और उपस्थित अधिकारियों ने नवनियुक्त सीईओ को बधाई दी। अध्यक्ष ब्रिगेडियर धीरज थापा ने इस मौके पर कहा कि परिषद का उद्देश्य जनहित को सर्वोपरि रखना होगा, साथ ही स्थानीय नागरिकों से अपेक्षा की जाएगी कि वे नियमों का पालन कर परिषद के कार्यों में सहयोग करें। कार्यक्रम में मनोनीत सदस्य अनिल चांदना, कार्यालय अधीक्षक संदीप जोशी, मेजर सिमरजोत सिंह, कैंट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश, राजस्व अधीक्षक शेखर धीमान, लेखाकार कुलदीप तोमर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कोटधार मोटर मार्ग में डंपर दुर्घटनाग्रस्त, टला हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)।** चिन्यालीसौड़ के कोटधार मोटर मार्ग पर शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। उडखोला बैंड के पास सामान से लोड डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की सड़क पर जा गिरा। दुर्घटना में चालक और परिचालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डंपर चालक महेश कुमार पुत्र बलबीर लाल, आयु 25 वर्ष और परिचालक अखिलेश पुत्र सुपलदास, आयु 22 वर्ष को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर के नियंत्रण खोने का कारण वाहन का एक्सल टूटना बताया जा रहा है, जिससे वाहन सीधे नीचे की सड़क पर जा गिरा। हादसे के वक्त सड़क पर अन्य कोई वाहन नहीं था, जिससे एक बड़ा नुकसान टल गया।

चौकी इनचार्ज ललित प्रसाद जोशी ने बताया कि ट्रक कोटधार पत्थर लेकर जा रहा था जो के उडखोला के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ है ड्राइवर व परिचालक को हल्की चोट आई है ।दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोटधार मोटर मार्ग में कई जगहों पर सुरक्षा रेलिंग की कमी है, जिससे इस तरह की घटनाएं अकसर होती रहती हैं।

## निजमुला घाटी के पगना पाणा ईरानी मोटर मार्ग तीन महीने से बंद, प्रशासन कब तक लेगी घाटी की सुध



**गोपेश्वर।** निजमुला घाटी के पगना पाणा ईरानी मोटर मार्ग बिगत तीन महीने से बंद पड़ जाने से लोगों को आवाजाही में मुश्किलें तो झेलनी ही पड़ रही है, अपितु जरूरी चीजों का संकट भी गहराने लगा रहा है। इस मामले में जनप्रतिनिधियों ने डीएम से सड़क खोलने की गुहार लगाई है। भारी बारिश के कारण पीएमजीएसवाई पोखरी डिविजन के अधीन पगना पाणा ईरानी मोटर मार्ग जगह-जगह मलबा आने और सड़क के क्षतिग्रस्त होने से अवरुद्ध हो गया था। गांव के लोगों को हॉस्पिटल व अन्य गंतव्य के लिये दस किलो मीटर तक पैदल चलकर आवाजाही करनी पड़ रही। देखना ये होगा कि शासन प्रशासन कब तक लेगी निजमुला घाटी की सुध।

# पुलिस ने पांच अपराधियों पर लगाया गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** कोतवाली पुलिस सहसपुर ने गिरोह बनाकर गोकशी सहित विभिन्न अपराधों में शामिल गिरोह के सरगना सलमान उर्फ मुल्ला सहित पांच पर गैंगस्टर लगाया है। सभी वर्तमान में जमानत पर हैं।

कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि गिरोह के सरगना सलमान उर्फ मुल्ला पुत्र इकराम निवासी खुशहालपुर सहसपुर, मुजम्मिल पुत्र असलम निवासी खुशहालपुर सहसपुर, अमीर उर्फ आमिर उर्फ लालू पुत्र मुशर्रफ उर्फ काला निवासी खुशहालपुर, रैन्चौ उर्फ शहवान उर्फ शहबान पुत्र इकरार निवासी खुशहालपुर, शादाब उर्फ फोती पुत्र मुशर्रफ उर्फ काला निवासी खुशहालपुर और उस्मान उर्फ कालू पुत्र एहसान उर्फ इरफान उर्फ मंगू निवासी गंदेवडा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश क्षेत्र में पूर्व में गोकशी, चोरी, पुलिस मुठभेड आदि घटनाओं में जेल जा चुके है।

सलमान उर्फ मुल्ला पुत्र इकराम निवासी खुशहालपुर गिरोह बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर अवैध रूप से अपने और गिरोह के सदस्यों के लिए अनुचित, आर्थिक भौतिक लाभ व संपत्ति अर्जित कर रहा है। पांचों के खिलाफ गैंगस्टर लगाया गया है।

## 24 मकान मालिकों पर जुर्माना

**देहरादून।** शहर में बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के बढ़ते आवागमन को देखते हुए देहरादून पुलिस ने सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को नेहरू कॉलोनी और डालनवाला क्षेत्रों में चलाए गए इस अभियान में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने 500 से अधिक बाहरी लोगों का सत्यापन किया। इस दौरान, किरायेदारों का वेरिफिकेशन न कराने और नियमों का उल्लंघन करने वाले 24 मकान मालिकों पर 83 पुलिस एक्ट के तहत 2,40,000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, क्षेत्र में घूम रहे 25 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इन सभी पर 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 6,250 का जुर्माना वसूला गया।

# आदमखोर बाघ को पकड़ने के निर्देश

## महाराज ने बाघ के हमले में मारी गई श्रीकोट निवासी रिया के प्रति संवेदना व्यक्त की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने बाघ के हमले में मारी गई विकासखंड पोखडा, श्रीकोट निवासी रिया पुत्री जितेंद्र के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला और और डीएफओ जीवन दोगडे को आदमखोर बाघ को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बाघ के हमले में मारी गई विकासखंड पोखडा, श्रीकोट निवासी रिया पुत्री जितेंद्र के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला और और डीएफओ जीवन दोगडे से वार्ता कर आदमखोर बाघ को पकड़ने के निर्देश देते हुए पीड़ित परिवार हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने भाजपा नेता राजपाल रावत और प्रभु शरण बुडाकोटी से घटना की जानकारी हासिल कर एसडीएम और डीएफओ को घटनास्थल और उसके आसपास बाघ को पकड़ने के लिए तुरंत पिंजरे लगाने के निर्देश दिए। महाराज ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए क्षेत्र में दो पिंजरे लगा दिए गए हैं बाकी दो पिंजरे और लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम घटनास्थल एवं समीपवर्ती क्षेत्र में लगातार गस्त कर बाघ को पकड़ने की कार्यवाही में लगी है। महाराज के निर्देश पर वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को फौरी तौर पर 01 लाख 80 हजार की धनराशि की राहत दी गई है जबकि शेष 04 लाख 20 हजार की राहत राशि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को दी जायेगी।



■ पीड़ित परिवार को फौरी तौर पर एक लाख 80 हजार की धनराशि दी गई



# तीन-चार महीने में आएगा नया मास्टर प्लानः मेयर

## रजिस्ट्रियां व दाखिल-खारिज प्रक्रिया पुनः प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चुनाव के दौरान अपने द्वारा किये गये वायदों को लगातार पूरा करने की दिशा में मेयर दीपक बाली ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बड़ी घोषणाएं कीं। श्री बाली ने कहा कि काशीपुर की जनता को संपत्ति संबंधी कार्यों में अब राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री बंद होने से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा के बाद जिलाधिकारी और एडीएम के स्तर पर इस समस्या का समाधान निकाला गया है। अब आगामी मंगलवार से रजिस्ट्री कार्यालय खुलते ही रजिस्ट्रियां सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगी। वहीं, मेयर ने बताया कि दाखिल-खारिज का मामला भी लंबे समय से अटका हुआ था। नगर निगम बोर्ड ने अपनी पहली बैठक में ही इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर शासन को भेज दिया था। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम ने दाखिल-खारिज का काम 0 प्रतिशत शुल्क के साथ शुरू कर दिया है। केवल 1,000 रुपये फाइल चार्ज और एक शपथ-पत्र के आधार पर दाखिल-खारिज कराया जा सकता है। अनाधिकृत कालोनियों के मुद्दे पर मेयर ने कहा कि यह जनपद उधम. सिंहनगर की एक बड़ी समस्या है। लगभग 1000 कॉलोनियां अनधिकृत रूप से बसी हुई हैं, जिनमें हजारों-लाखों लोग रह रहे हैं। इन कॉलोनियों की रजिस्ट्री व नक्शा पास न होने से लोग परेशान हैं। इस पर मुख्यमंत्री को वन टाइम सेटलमेंट योजना का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने मास्टर प्लान पर भी बात की। कहा कि इसे व्यवहारिक रूप देने के लिए पहले वाला ड्राफ्ट रोका गया था। अब नई योजना बनाई जा रही है। उन्होंने नया मास्टर प्लान आगामी 3-4 महीने में आने की संभावना जताई।



## डामरीकरण एवं सुधारीकरण की मांग

अल्मोड़ा। जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के लमगडा विकासखंड के अन्तर्गत कई सड़कें खस्ताहालत में हैं। सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। सड़क पर जगह-जगह बड़े बड़े गढ्ढे बन गए है। कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य सत्यों-लमगढ़ा दीवान सिंह सतवाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बदहाल सड़कों के डामरीकरण और सुधारीकरण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि मेरधूरा से सत्यों, सत्यों से रालाकोट और सत्यों से कपिलेश्वर सड़क मार्गो की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। वाहन चालक जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहे हैं। पूर्व में एक चालक की मृत्यु तक हो चुकी है। कहा सरकारें विकास कार्यो को अनदेखा कर रही है। किसानों को सालों बाद भी सड़क में कटी जमीन का मुआवजा नहीं मिल पाया। उन्होंने जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# संविदा कर्मचारियों ने हाई कोर्ट की शरण ली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सरकार व विभाग से थक हारकर संविदा कर्मियों ने हाईकोर्ट में न्याय की मांग करते हुए रिट दायर की। कहा सरकार व विभाग ने उनकी ओर आंख बंद कर दी है। अब न्यायालय पर ही भरोसा है। कोविड काल में अपनी सेवा दे चुके संविदा कर्मियों को अब तक नियुक्ति व उनका विभाग में बचा अवशेष धनराशि न मिलने पर कई बार विभाग व सरकार से गुहार लगा चुके हैं। हर बार विभाग द्वारा झूठा आश्वासन देने पर अब कर्मियों ने नैनीताल हाईकोर्ट में रिट दायर कर दी है। संविदा कर्मी संगठन के अध्यक्ष दीपक कन्नौजिया व हरीश गोस्वामी ने कोर्ट की शरण लेते हुए अपना पक्ष कोर्ट में रखा है। दीपक कन्नौजिया ने बताया कि करोना काल में स्वास्थ्य विभाग ने आउट सोर्स के माध्यम से 28 पर्यावरण मित्र व वार्ड बॉय, 10 फार्मासिस्ट, 8 डाटा एंट्री ऑपरेटर, 3 ऑक्सीजन प्लांट संचालक, 4 चालक समेत कुल 55 कर्मियों से दो वर्ष तक कार्य लिया गया। कोविड महामारी के हालात सामान्य होने बाद उन्हें विभाग ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। इतना ही नहीं उनका विभाग के पास आवशेष धनराशि प्रति कर्मी 40 हजार रुपए भी उन्हें नहीं दिए गए। इस सम्बन्ध में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र एवं भेंट कर न्याय की गुहार लगाई गई। लेकिन हमेशा उन्हें झूठा आश्वासन ही मिलता था। कर्मियों ने अब न्याय की करते हुए न्यायालय की शरण को है। बताया कि पिछले 5 सितंबर 2025 को उन्होंने हाईकोर्ट में मामला दाखिल करवा दिया है।

## एक नजर

### रूस का शैक्षिक भ्रमण करेंगे विवि के छात्र

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सात छात्रों और तीन संकाय सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल 14 से 29 सितम्बर तक रूस स्थित सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन (एसपीएसयूवीएम) का दौरा करेगा। यह शैक्षणिक यात्रा दोनों संस्थानों के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत हो रही है। प्रतिनिधिमंडल इंटर्नशिप प्रशिक्षण, शैक्षणिक और तकनीकी आदान-प्रदान के साथ मॉस्को यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज और भारतीय दूतावास के वाणिज्य दूतावासों का भी दौरा करेगा। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अंतरराष्ट्रीय मामलों के निद. शक डा. एचजे शिव प्रसाद और महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एएच अहमद ने प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस यात्रा का समन्वयन डा. अनीता आर्या द्वारा किया जा रहा है।

### अन्वेषण-2025 की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में अन्वेषण-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालय संगठन के तत्वावधान में त्रिस्तरीय स्तर पर आयोजित होगा-विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय। अधिष्ठाता डा. आरएस जादौन ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तरीय सम्मेलन 28 से 31 अक्टूबर 2025 तथा उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन 25-26 नवम्बर 2025 को आयोजित होगा, जिसमें देश के 262 विश्वविद्यालयों की भागीदारी संभावित है। विभिन्न महाविद्यालयों के संयोजकों ने अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। कुलपति ने सभी अधिष्ठाताओं को छात्रों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि यह आयोजन छात्रों में शोध के प्रति रुचि जागृत करेगा तथा उन्हें वरिष्ठ वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर मिलेगा।

### दीक्षारंभ में तकनीकी व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में नव प्रवेशित स्नातक छात्रों के लिए दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम के तहत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) द्वारा एक तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में बीआइएस देहरादून शाखा के निदेशक सौरभ तिवारी, संयुक्त निदेशक श्याम कुमार, विश्वविद्यालय के बीआइएस चेयर प्राध्यापक डा. एसबी सिंह, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय, डा. छाया शुक्ला सहित 17-बीआइएस स्टूडेंट चैप्टर्स के मेंटर्स और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डा. एसबी सिंह ने विश्वविद्यालय में बीआइएस के साथ हुए सहयोग की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 17 तकनीकी व्याख्यान आयोजित किए जा चुके हैं और 29 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। श्री तिवारी ने मानकों की उपयोगिता और उनके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला, जबकि श्याम कुमार ने बीआइएस में करियर संभावनाओं पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया और बीआइएस के कार्यों की जानकारी वीडियो के माध्यम से साझा की।

### सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

**काशीपुर।** सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भरतपुर मेघवाला मण्डल के आदर्श मेडिकल कालेज शिवराज पुर में कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें मुख्य वक्ता रवि पाल ने बताया प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर के अवसर पर देशभर में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया जा है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक संचालित रहेगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत समाज हित एवं जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, महामंत्री हैप्पी, सतपाल जाटव, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र यादव, ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख प्रगट सिंह पन्नू, जिला पंचायत सदस्य चरनजीत सिंह, सचिन बाटला, हुकम सिंह, डॉ. युनुस चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनर व्हील ने लगाया आई चेकअप कैम्प

**काशीपुर।** इनरव्हील क्लब द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैतपुर घोसी में बच्चों की सुविधा हेतु वाटर कूलर प्रदान किया। इसके अतिरिक्त बैग्स ऑफ नॉलेज के अंतर्गत स्कूल बैग्स वितरित किए गए। बच्चियों को आत्मरक्षा हेतु टिप्स दिए गए कु. रिंकी द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया गया। साथ ही प्लास्टिक थैलियों के उपयोग न करने की अपील के साथ कपड़े एवं कागज़ से बने थैलों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। उधर इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर ने हिमगिरी फ्रोजेन वेजिटेबल फैक्ट्री में आई चेकअप कैम्प लगाया जिसमें आए लोगों के नेत्रों की विभिन्न जांचें की गई यह जांचें केवीआर अस्पताल एवं नेत्र चिकित्सक डॉ. कनिका अग्रवाल द्वारा की गई। उक्त दोनों आयोजनों पर डिस्ट्रिक्ट एडिटर प्राची अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, आईपीपी मोनिका अग्रवाल, कानपुर क्लब से आई ममता अवस्थी, आईएसओ पूनम जोशी, कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, साधना जिंदल, सुधा अग्रवाल, रेनू रावल, आभा गोयल, शालिनी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, राशि अग्रवाल, सलोनी बंसल आदि सदस्यों सहित प्रधानाचार्य शिक्षण स्टाफ, विद्यार्थी उधर दूसरे कार्यक्रम में फैक्ट्री स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नेत्र जांच हेतु लोग उपस्थित रहे।

# दादा मियां का उर्स शुरू चादरपोशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मोहल्ला कानूनगोयान में सैयद दादा मियां की मजार पर 49वां सलाना उर्स के मौके पर आसमान की तरफ उठे सैकड़ों हाथों ने मुल्क व कौम की तरक्की व शांति के लिए दुआ की। दादा मियां की मजार पर चादरपोशी के मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एमए राहुल सहित सैकड़ों अकीदतमंदों ने कव्वालों के साथ चादरों को मुख्य मार्गो पर घुमाते हुए मज़ार पर जाकर चादरपोशी की। इस बीच रामपुर के कव्वाल मंजूर हसन व अमरोहा के कव्वाल ज़मीर चिश्ती आदि कव्वालों ने माहौल को सूफियाना कर दिया तथा सभी धर्मो व वर्गो के लोगों ने चादरपोशी में शिरकत करकें माहौल को गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक बना दिया। इस मौके पर इस मौके पर फुरकान उस्ताद की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उनके बेटे आलम सैफी के द्वारा लंगर का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दराज से आए जायरीनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. जफर सैफी, मुस्तकीम सलमानी, साजिद खान बाबू, शाहिद मासूमी, इमाम हाफिज आलमगीर, सैय्यद उबेश, फरमान बाबा, मो. आलम सैफी, डॉ. जफर सैफी, इंतजामिया कमेटी के सदर हाजी मो. रफी, सेक्रेटरी बृजेश कादिर, मौ. इरफान, मौ. रफीक, तस्लीम सैफी, असलम सैफी, जुगेश अरोरा बंटी सहित बड़ी संख्या में अकीदमंद मौजूद थे।

# सरयू में गिरी गाड़ी, तीन लोग ज़ख्मी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** आरे-मंडलसेरा बाईपास के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर सरयू नदी में जा गिरा। वाहन में सवार तीन लोग जख्मी हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। समय रहते लोगों पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने घायलों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जैक पश्चात तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया। शनिवार दोपहर में बागेश्वर से कपकोट पौसारी के लिए जा रहा मैक्स वाहन संख्या यूके 02 टीए 0847 आरे-मंडलसेरा बाईपास के समीप अनियंत्रित होकर सरयू नदी में जा गिरी। वाहन को नदी में गिरता देख आस पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते हो मौके पर पहुंची पुलिस व फायर टीम रेस्क्यू अभियान में जुट गई। जिसके बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। जिसके बाद उन्हें 108 से जिला अस्पताल भेजा गया। घायलों में शामिल 42 वर्षीय खड़क सिंह पुत्र देव सिंह निवासी पौसारी, 18 वर्षीय दर्शन सिंह पुत्र खीम सिंह निवासी पौसारी, 59 वर्षीय खीम सिंह पुत्र दिवान सिंह निवासी पौसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि चालक दिनेश सिंह को मामूली चोट आई है।



# बच्चों ने भरी 'सपनों की उड़ान'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** संकुल बिल्लेख में सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मनारी में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शांति उप्रेती व विशिष्ट अतिथि गोपाल उप्रेती ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मनानी दिनेश चन्द्र आर्या द्वारा, संचालन संकुल समन्वयक प्रकाश जोशी व डा. सुमन बिष्ट द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों की प्रतिभाओ में निखार लाता है। नीबू चम्मच दौड़ व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें जानकी देवी, लक्ष्मी देवी, नीमा देवी, दीपा देवी व दिव्या ने बाज़ी मारी। लो. कगायन व नुक्कड़ नाटक में रा.प्रा. वि. बयेड़ी की टीम तथा लोकनृत्य व शैक्षिक स्टाल में रा.प्रा.वि. इजरुवा मनारी की टीम विजेता घोषित हुई। कार्यक्रम में कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य हेमा नेगी, ग्राम प्रधान बिल्लेख हिमानी उप्रेती, संकुल समन्वय प्रकाश जोशी, आनन्द बुधानी, तारा उत्प्रेती, सुन्दर सिंह, धनसिह नेगी, जयन्ती देवी, कैलाश आर्या, नरेश गैरोला, सुरेश भट्ट, अमित मंडल, विजय मलड़ा, डा. सुमन बिष्ट, किरन पंत, रेखा बिष्ट, गीता बिष्ट, नीरज कांडपाल, दामोदर पांडे, सुरेश आर्या, अशोक कैड़ा, हिमानी सारस्वत, बृजनन्दन सिंह, तबस्सुम जहां, जगत बिष्ट, रवि महरा, भास्कर उप्रेती मौजूद रहे।



# लमगड़ा में भाजपा की कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा लमगड़ा मंडल में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर शनिवार को कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वहीं, पखवाड़े को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। लमगड़ा पार्टी दफ्तर में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिला महामंत्री दर्शन रावत ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल राजनीति करना ही नहीं, बल्कि समाज के हर एक वर्ग की सेवा कर चिंता करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें हमारे संगठन के कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान, एक वृक्ष मां के नाम समेत दर्जनों कार्य होंगे जो लगातार 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेंगे। यहां कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष हरीश सिंह सिजवाली, नंदन बिष्ट, गीता जोशी, हरीश नेगी, जगदीश रावत, शंकर मनराल, महिपाल नैनवाल, हरीश बिष्ट, भावना बिष्ट, राकेश कुमार, प्रेम मेर, भारत फर्त्याल, हरीश कपकोटी, इन्द्र डसिला, नवीन ढैला, दिनेश ढैला, ललिता ढैला, एडवीन व्हीलर, पुष्कर नैनवाल, हरीश सतवाल, विजय सतवाल, संजय कनवाल, पंकज कपकोटी, भीम ढैला, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# पीएम आवास योजना में कोतवाही न बरती जाएः डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कार्यालय सभागार में सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी ईओ को प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के अंतर्गत पारदर्शी लाभार्थी चयन सुनिश्चित करने एवं निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता परक निर्माण कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने नगर निकायों को राजस्व बढ़ाने हेतु रणनीति तैयार करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत-स्तर पर कचरे का पृथक्करण, तथा ट्रेंचिंग ग्राउंड के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालों की नियमित सफाई करने एवं स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नदी घाटों की साफ-सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नगर में जाम की समस्या से निपटने हेतु पॉकेट पार्किंग का निर्माण किया जाय। सभी नगर निकाय शासन स्तर या अन्य स्तर पर लंबित प्रकरणों एवं समस्याओं की सूची उपलब्ध कराएं, जिससे उनके समाधान हेतु समुचित कार्यवाही की जा सके। बैठक में अपर जिला. धिकारी एनएस नबियाल सहित नगर निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा चैलेंजर्स की जीत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में विक्टोरिया प्रीमियर लीग प्रतियोगिता जारी है। शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिवस दो मुकाबले खेले गए। जिसमें गुरुड़ाबाज लायंस और अल्मोड़ा चैलेंजर्स ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का पहला मुकाबला गुरुड़ाबाज लायंस और शिव शक्ति की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुरुड़ाबाज लायंस टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 225 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी शिव शक्ति टीम ने आठ विकेट खोकर मात्र 215 रन ही बना सकी। वहीं, दूसरे मुकाबले में अल्मोड़ा चैलेंजर्स ने वेद वारियर्स की टीम को परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में अम्पायर की भूमिका में सत्येन्द्र कुमार सिंह व शमशाद अल्वी रहे। स्कोरर की भूमिका में मयंक और अभय ने निभाई। यहां क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, अनिल टम्टा, किशन लाल, जगदीश चौहान, ललित कनवाल, रोहित भट्ट, गौरव कुमार, दीप चंद्र जोशी, पप्पू जोशी, अनिल कनवाल, सूरज परिहार, नरेंद्र बगड़वाल, आबिद अली, संजय वर्मा, संगम पांडे, प्रकाश जोशी, मदन रावत, शंकर जोशी, राजेंद्र राणा, अतुल वर्मा, उज्ज्वल जोशी आदि रहे।



# मंदिर समिति ने उठाई कार्रवाई की मांग

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में नंदादेवी मेले के दौरान मारपीट में घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। मामले में शनिवार को लोगों ने सीओ से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि बीते नंदादेवी महोत्सव के दौरान कुछ अराजकतत्वों ने साई बाबा कालोनी निवासी हेम सोराड़ी को घेरकर लाठी, डंडों, से बुरी तरह से पीट दिया। उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन लगातार हालत बिगड़ने पर उन्हें हल्द्वानी एसटीएच ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कहना है कि मारपीट की घटना के समय मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। साथ ही आसपास सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे। उन्होंने पुलिस से जांच कर आरो. पियों के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई कर सख्त सजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज सनवाल, मनोज वर्मा, विनीत बिष्ट, अमित साह, त्रिलोचन जोशी, अनूप साह, मनोज वर्मा, कुलदीप मेर, हनी वर्मा, हरीश बिष्ट, मनोज बिष्ट, दीपक वर्मा, वरुण साह, रवि गोयल, परितोष जोशी, गौरव सिंह कनवाल आदि मौजूद रहे।

# मज़बूत होगी कांग्रेसः ठाकोर

## ब्लॉक, मंडल और ग्राम तक हर वर्ग को संगठित किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पहुंचे गुजरात से कांग्रेस के विधायक अमरूत ठाकोर ने शनिवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड में पार्टी के संगठन को मजबूत करेगी। हर एक कार्यकर्ताओं की बात को हाईकमान के सामने रखा जाएगा। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक ठाकोर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्पष्ट किया है कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझना जरूरी है। एआईसीसी से लेकर पीसीसी, डीसीसी, ब्लॉक, मंडल और ग्राम तक हर वर्ग को संगठित किया जाएगा। इसी के तहत जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर होगी। संगठन के निर्माण में किसी प्रकार का दबाव नहीं रहेगा। योग्यता के आधार पर ही जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल, पीतांबर पांडे, केवल सती, भगीरथ भट्ट, तारा जोशी, राजेंद्र बाराकोटी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अजय भट्ट का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सांसद अजय भट्ट का मंडी गेस्ट हाउस में भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सांसद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार मोदी सरकार द्वारा जीएसटी कम कर ऐतिहासिक फैसला लिया गया, जिससे आने वाले समय पर जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि स्वदेशी सामान का प्रचार प्रसार आम जनता के बीच में करें, जिससे जनता जागरुक हो सके। उन्होंने केंद्र सरकार की कई उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान रजिस्ट्री कराने में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी सांसद को ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लवीश अरोरा, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रवि पाल, जिला मंत्री रजत सिद्धू, जिला कार्यालय मंत्री मनोज मनराल, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, अभिषेक गोयल, पवन सैनी, राधेश्याम प्रजापति, अशोक कुमार शर्मा, गोपाल कृष्णा अग्रवाल, अंकुर मित्तल, प्रकट सिंह, तिरिस अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थिति रहे।

# लोक अदालत में वादों का निपटारा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय बागेश्वर व बाह्य न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शिविर में जिला जज पंकज तोमर सत्र न्यायाधीश, बागेश्वर बेंच संख्या-01 में 138 एनआई एक्ट, एमएसीटी एवं वैवाहिक वादों से सम्बन्धित कुल 4 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 12,68,500 रुपए का समझौता किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार तिवारी बागेश्वर बेंच संख्या-02 में 138 एनआई एक्ट, फौजदारी के शमनीय वाद, पारिवारिक वाद तथा मोटर वाहन अधिनियम से सम्बन्धित कुल 79 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 24,12,470 रुपए का समझौता किया गया। सिविल जज (जू.डि.) पुनीत कुमार बागेश्वर बेंच संख्या-03 मोटर वाहन अधिनियम एवं अन्य वादों से सम्बन्धित कुल 5 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 2,47,500 रुपए का समझौता किया गया। इसके अलावा बैंक से सम्बन्धित कुल 30 प्री-लिटिगेशन के मामलों तथा पारिवारिक प्री-लिटिगेशन सम्बन्धी 1 मामले एवं वन विभाग से सम्बन्धित कुल 8 मामलों का निस्तारण कर कुल 24,09,129 रुपए का समझौता किया गया। सुश्री जैनब, सिविल जज (जू.डि.)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरुड़ बेंच संख्या-4 में 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित कुल 3 वादों का निस्तारण कर कुल 1,57,000 रुपए का समझौता किया गया। इसके अलावा बैंक से सम्बन्धित कुल 2 प्री-लिटिगेशन के मामलों का निस्तारण कर कुल 33,180 रुपए का समझौता किया गया। शिविर में पूर्व अध्यक्ष बार संग एडवोकेट विनोद भट्ट व उपभोक्ता अधिवक्ता मौजूद थे।



## महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा 28 को

**काशीपुर।** रामलीला सभागार में कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में 28 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा को लेकर वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। शोभायात्रा के मुख्य संयोजक प्रियांशु बंसल ने बताया कि शोभायात्रा 28 सितम्बर सायं चार बजे मौ.किले से शुरु होकर मुख्य बाजार तथा महाराणा प्रताप चौराहा होते हुए रामलीला परिसर में समाप्त होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी लक्ष्मी जी समेत दर्जन भर से अधिक झांकियों तथा बैंड-बाजे शामिल रहेंगे। अध्यक्षता कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता ने की। बैठक में मनोज कुमार अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल नागलिया, अभिषेक गोयल, जेपी अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मोनिका गुप्ता, साक्षी बिंदल समेत पदाधिक. ारी एवं अतिथि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में नगर समेत समिति की तमाम समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं, नंदा देवी मेले के बाद भैरव मंदिर के पास बनी पार्किंब बंद करने पर नाराजगी जताई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि क्वारब की पहाड़ी लंबे समय से दरक रही है, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो सका है। भैरव मंदिर के पास की पार्किंग नंदा देवी मेले के दौरान शुरू की गई थी, लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। सदस्यों ने पार्किंग को फिर से शुरू करने, गैस की होम डिलिवरी, बंदरों की दहशत से निजात दिलाने, लाला बाजार से पलटन बाजार तक दिन में दोपहिया वाहनों पर रोक लगाने, मुख्य बाजार से लोअर माल रोड तक ई रिक्शा या मिनी बस चलाने आदि की मांग की। राजेंद्र प्रसाद, गंगा सिंह फर्त्याल, पूरन चंद्र कांडपाल, नवीन चंद्र जोशी, एमडी कांडपाल, दिवान सिंह, डा. पीएस नेगी, एमवी साह, गणेश बिष्ट, विशन सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर सिराड़ी, मोहन चंद्र पांडे, रमेश चंद्र तिवारी, शेष राम आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस का आरोप: गैंग कल्चर को बढ़ावा दे रही पुलिस

## कानून व्यवस्था को लेकर बुद्ध पार्क में धरना-प्रदर्शन, करन महरा, सुमित हृदयेश ने निकाला गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए जमकर आलोचना की, और आरोप लगाया कि पुलिस पुलिसिंग नहीं कर भाजपा का अनुषांगिक संगठन बनकर काम कर रही है। शनिवार को तिको. निया स्थित बुद्धपार्क में निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एवं विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। धरनास्थल पर हुई सभा में कांग्रेसियों ने राज्य में लचर कानून व्यवस्था पर बढ़ते अपराधों पर पुलिस पर निशाना साधा। शहर विधायक सुमित ने कहा कि राज्य में बढ़ते अपराध व पुलिस के



नकारात्मक रवैये को लेकर आमजन में आक्रोश बढ़ गया है। उत्तराखंड की संस्कृति, संस्कार, राजनीति एवं सामाजिक परंपराओं में इतनी भी व्यवस्था नहीं हैं कि हम इतनी गुंडई झेले। जिस तरह से अपराध हो रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों ने राज्य के लिए शहादत दी उनकी आत्मा पर चोट पहुंची है। उन्होंने कहा नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पांच लोगों के अपहरण और तीन मर्डर में पुलिस मूक दर्शक बनी रही। सुमित ने पुलिस प्रशासन पर हमला करते हुए कहा कि हल्द्वानी में गैंग कल्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को खराब किया जा रहा है। यदि हल्द्वानी में गैंग कल्चर रहा तो शहर में खूनखराबा की घटनाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस गैंग कल्चर ने 1990 के दशक की याद दिला दी जब उप्र के जमाने में गुंडई होती थी। कांग्रेस की मांग है कि पहले तो अपहरण व गैंग कल्चर में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं वर्तमान में रातों में हो रही चेकिंग पर विधायक ने निशाना साधते हुए कहा कि पहले लुटेरे को घर लूटने दिया अब चेकिंग कर जनता को बेवकूफ बना रहे है। आम लोगों को परेशान कर रहे हैं, इससे बेहतर होगा अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। केंद्र के नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में नौ हिमालयी राज्यों में महिला अपराध में उत्तराखंड पहले पायदान पर है। महिलाओं के साथ हत्या, बलात्कार, लूट सभी प्रकार के अपराध बढ़े हैं। राज्य में भर्ती घोटाला, पेपर लीक व कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। पंचायत चुनाव में नैनीताल, बेतालघाट, द्वाराहाट जनता के सामने हैं। नैनीताल में कांग्रेस के प्रतिनिधियों का अपहरण होता है, जब कांग्रेस के नेता एफआईआर लिखाने गए तो उन्हीं के खिलाफ संगीन धाराएं लिखा दी गई। इसी तरह ऊधम सिंह नगर में जो भी भाजपा के खिलाफ आवाजा उठा रहा है, उसी के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। पुलिस सरकार के दवाब में काम कर रही है। हालत यह है कि जिनकी जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं, उन्हीं के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है। देहरादून में महानगर अध्यक्ष के ठिकाने पर छापेमारी की फिर फर्जी मुकदमे करने की कोशिश की। गुस्साए कांग्रेसियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबा. जी और प्रदर्शन किया। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान, ललित जोशी, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, हरीश मेहता, राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी, लाखन नेगी, गोविंद बगड़वाल, शोभा बिष्ट, मीना शर्मा, मीमांशा आर्य, राहुल सोनकर, हेमंत बगड़वाल, सतनाम सिंह, हरीश पनेरू, मन्नू गोस्वामी, हिमांशु गाबा, राजेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह पंवार, शरफ़त खान, शैलेन्द्र दानू, बाहदुर सिह बिष्ट, हेमंत साहु, खजान पांडे, प्रेम चौधरी, प्रदीप नेगी, सुमित्तर भुल्लर, हेमवती नंदन दुर्गापाल, भोलाभट्ट, मनीष पांडे, सजय रावत, गोपाल गंगोला, अर्जुन सिंह बिष्ट, मंजू बिष्ट, दीपा गोस्वामी, मुन्नी देवी, राजेन्द्र बिष्ट, हेमंत पांडे, हेम चन्द पांडे विशाल भोजक, विना. ेद कुमार पन्नू, राजेन्द्र जीना, हसनैन खतीबी, दिवेश तिवारी, प्रीति आर्य, मनोज खुल्बे, शोभा बिष्ट, बालम बिष्ट, रवि जोशी, नवीन पांडे, अमित साह, गीता बहुगुणा, सुहेल सिद्दीकी, जाकिर हुसेन, सजय साह, जगमोहन चिलवाल, मनीष गौनी, पुष्पा संभल, रेखा आर्य, मंधु सांगुडी आदि मौजूद रहे।

### प्रो. वीना पाण्डे को एक्सीलेंस अवार्ड

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के सर जेसी बोस तकनीकी परिसर भीमताल की जैव प्रौद्योगिकी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. वीना



पाण्डे को रविवार (आज) पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन-इंडिया की ओर से नेशनल एडुलीडर्स समिट-2025 में उनकी ओर से शिक्षा व शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक्सीलेंस अवार्ड 3.0 से सम्मानित किया जाएगा। बता दें यह अवार्ड प्रो.वीना पाण्डे को महर्षि युनिवर्सिटी ऑफ इन्फोरमेंशन टेक्नोलॉजी नोएडा उत्तर प्रदेश में प्रदान किया जाएगा। प्रो. पाण्डे को इस कामयाबी पर कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुल सचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, भीमताल परिसर के परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह समेत पूरे कुमाऊं विवि परिसर परिवार ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जनसमस्याओं का समाधान कराएं: अजय भट्ट

### सांसद प्रतिनिधियों को निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल-उधम सिंह नगर नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम मे संसदीय क्षेत्र की अपने प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रति. निधियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक जनसंपर्क करने और जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रतिनिधि आम जनता के बीच जाकर सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए और जो मुद्दे सांसद स्तर के हैं, उन्हें समय पर उनके समक्ष रखा जाए। सांसद ने स्पष्ट किया कि जनता और सांसद के बीच सासद प्रतिनिधि एक मजबूत कड़ी हैं।

ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे लोगों के बीच रहकर उनकी तकलीफें सुनें और समाधान में अपनी अहम भूमिका निभाएं। बैठक में सांसद ने प्रतिनिधियों से कहा कि जनता के साथ जुड़ाव ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। श्री भट्ट ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों को यह जानकारी रहनी चाहिए कि अभी आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद अब केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के दरों में भी भारी कमी की गई है। जिसमें दूरदर्शी सोच के साथ आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने अपने प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी समस्या का समय पर निवारण होगा तो क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी और जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। श्री भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन पहुंचाएं। बैठक का संचालन सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती ने किया। बैठक में नंदन गोस्वामी, विपिन जल्होत्रा, कार्तिक राय, हिमांशु मिश्रा, भगवान तिवारी, कमलेश जोशी, गो. विंद बढ़ती, लवी सहगल, दीपक जोशी, बालम बोरा, पुष्कर जोशी, त्रिलोक नौला, अनुभव कुमार, देवेंद्र बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

## अपराधियों में पुलिस का खौफ बहुत जरूरी: एसएसपी

### नशा तस्करी, महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड और अवैध हथियारों पर विशेष फोकस, मासिक अपराध गोष्ठी में मातहतों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण, नशा तस्करी, महिला सुरक्षा, तकनीकी पुलिसिंग, साइबर अपराध, अवैध हथियारों की तस्करी, अज्ञात शवों की शिनाख्त, यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर शनिवार को एसएसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। शनिवार को कोतवाली परिसर स्थित मीटिंग हॉल में संपन्न हुई मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी पीएन मीणा ने अपने मतहतों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नजर आना चाहिए। उन्होंने कहा शहर की कानून व्यवस्था को किसी भी



हाल में बिगड़ने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने सभी थाना-चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों और विवेचकों के खिलाफ (निल. 'बन' की कार्रवाई की जाएगी। बार-बार नशा तस्करी में पकड़े जाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, हिस्ट्रीशीट व गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही के आदेश दिए गए। एसएसपी ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध के मामले कहा कि स्कूल-कॉलेजों में जाकर महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड और नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाए, साथ ही अज्ञात महिला शवों की पहचान के लिए विशेष प्रयास करें। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराधों के अनावरण में आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए और आईटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की विवेचना में तेजी लाई जाए। ड्रंक एंड ड्राइव ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग व नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश। साथ ही, स्टंटबाजी करने वालों और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा अवैध हथियारों की तस्करी और वाहन चोरी नकब. जनी जैसे मामलों में शीघ्र कार्यवाही करने तथा माल निस्तारण और लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, नशा सेवन करने वाले व अराजक तत्वों के खिलाफ ऑपरेशन रोमियो को और अधिक प्रभावी बनाने का आदेश दिया गया है। साथ ही बिना सत्यापन एवं फर्जी आईडी के साथ रहने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मासिक गोष्ठी में एसएसपी पीएन मीणा ने सभी अधिकारियों से बेसिक पुलिसिंग को प्राथमिकता देने, अभियोग पंजीकरण व विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने और जनता के प्रति पारदर्शिता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। गोष्ठी में एसपी क्राइम डा.जगदीश चंद्रा, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित पांडे, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, एलआईयू निरीक्षक जितेन्द्र उप्रेती, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार बिष्ट सहित थाना-चौकी प्रभारी, यातायात व सीपीयू प्रभारी मौजूद रहे।

### बीडीसी मेंबर का पति लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार को घर से बिना बताए लापता हुए बीडीसी मैंबर के पति की पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर गुजरौड़ा मुखानी निवासी नरेश लाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनके बड़े भाई नंदन राम बीडीसी मेंबर पति हैं। बीते गुरूवार को वह (11 सितंबर) की शाम सात बजे वह बसानी की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन तब से वह वापस नहीं आए। उनके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों द्वारा उनकी काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर उनकी सकुशलता की गुहार लगाई है। पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## वृद्धजन दिवस के कार्यक्रमों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी



की बैठक शनिवार को समिति के सभागार पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने की और संचालन महामंत्री डीके पांडे द्वारा किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक परिषद उत्तराखंड राज्य मंत्री प्रतिष्ठा नवीन वर्मा ने भी भाग लिया। बैठक में एक अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की रूपरेखा को लेकर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिया कि एक अक्टूबर को रामनवमी का पर्व है इसलिए यह कार्यक्रम उसी दिन दोपहर तीन बजे समिति के सभागार में आयोजित किया जाएगा। सभा के अंत में समिति के स्थायी सदस्य स्व. देवीदत्त पंत और क्रियाशाला समिति हल्द्वानी के संस्थापक अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में डीके बल्यूटिया, डीके पंत, पीएस जंतवाल, आनंद सिंह भाकुनी, ललित मोहन लोहनी, आरएस ऐरी, दिनेश चंद्र पंतोला, मोहन चंद्र बुधलाकोटी, मोहन सिंह जंतवाल, भैरव दत्त जोशी, विष्णु सिंह रावत, एसके अग्रवाल, भगवती बिष्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

## लालच में फंसा युवक 4.85 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां काठगोदाम थाना क्षेत्र निवासी एक युवक को पैसे डबल करने का लालच देकर साइबर ठगों ने 4.85 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को अर्जुन रमेश मेहता बताते हुए युवक को झांसे में लिया और लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गया। जानक. ारी के अनुसार पीड़ित काठगोदाम निवासी दीपक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 19 मार्च को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने दावा किया कि वह लोगों के पैसे डबल करता है और कई लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना चुका है। शुरू में शंका के बावजूद युवक झांसे में आ गया और धीरे-धीरे 4.85 लाख रुपये तक का निवेश कर दिया। काफी समय तक कोई मुनाफा न मिलने पर जब दीपक ने अपने पैसे वापस मांगे, तो ठग ने सर्विस चार्ज के नाम पर और अधिक पैसे की मांग शुरू कर दी। इसके बाद ठगी का अहसास होते ही युवक ने जब सवाल उठाए, तो ठग ने पहले टाल-मटोल की और फिर संपर्क पूरी तरह से तोड़ दिया। थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है और साइबर सेल की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्रीसनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या शनिवार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी का महत्व विषय पर विचार



गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि लेखिका एवं कवि डा. प्रभा पंत और विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षक विपिन चंद्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृति रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि डा. प्रभा पंत ने कहा कि हिन्दी हिन्दुस्तान की ही नहीं, बल्कि विश्व की प्रिय भाषा बनने की ओर अनवरत अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षक विपिन चंद्र ने कहा कि हिन्दी हमारे जीवन की मार्गदर्शिका है। जगदीश चंद्र बेलवाल ने कहा कि हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना हमारी जिम्मेदारी है। मोहन गिरी गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान में अंग्रेजी विद्यालयों में हिन्दी भाषा के प्रति कम ध्यान दिया जा रहा है।सारस्वत अतिथि अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि हिन्दी बोलने से हम लज्जित होते, अंग्रेजी में बोलें तो शान बढ़ती है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी केवल भाषा ही नहीं, यह हमें संस्कारित भी करती है। कार्यक्रम में आधारशिला के सम्पादक स्व. दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डा. अमित भारद्वाज, शिवानी भारद्वाज, जानकी त्रिपाठी, डा. नारायण दत्त थुवाल, डा. मोहित जोशी, दीप चन्द्र जोशी, रजनी बेलवाल, कीर्तिचन्द्र कलौनी, साकेत पाठक, शुभम पाठक, भुवन चन्द्र जोशी आदि मौजूद रहे।

## हरिनगर में आवारा कुत्तों के आतंक से दहशत: शीतल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के हरिनगर वार्ड इन दिनों आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है। वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार ने पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया है कि मामले के बारे में पालिका प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रुप से सूचना देने के बाद भी उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं किया जाना बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वार्ड वासी तथा उनके बच्चे आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से खासे भयभीत हो चले हैं। हरिनगर वार्ड की सभासद शीतल कटियार के



मुताबिक उनके पास हर रोज कुत्तों के आतंक की सूचनाएं आ रही हैं लेकिन पालिका के अधिकारियों को लिखित रुप में मामले की जानकारी देने के बाद भी अभी तक आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए कोई कार्रवाई नहीं करना चिंतनीय है। उन्होने कहा कि वार्ड के कई परिवार आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक की वजह से दशहत के साये में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने एक बार फिर पालिका प्रशासन के अधिकारियों से मामले में त्वरित कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है ताकि वार्डवासियों को आवारा कुत्तों के आतंक से निजात मिल सके।

## बागजाला में ग्रामीणों का धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 27वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिछले 27 दिनों से आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरने के साथ ही कैंडल मार्च, वाहन रैली, भैंस के आगे बीन बजाना, मोबाइल फ्लैश लाइट मार्च तक निकाल दिया लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। जो सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। वक्ताओं ने कहा कि आज धरना स्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कल यानि आज रविवार को



धरनास्थल पर ही थाली बजाकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा। धरना प्रदर्शन में डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, आनन्द सिंह नेगी, सूबेदार रमेश चन्द्र, लच्छी राम, विमला देवी, हेमा देवी, एमएस मलिक, दीवान सिंह बर्गली, गोपाल सिंह बिष्ट, डा. कैलाश पाण्डेय, मीना भट्ट, मो. परवेज, नसीर अहमद अंसारी, प्रेम सिंह नयाल, अम्बादत्त, सतपाल, ललित मोहन, ऋषि मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, पारवती, भगवती गोस्वामी, कमला देवी, रेखा रानी, हेमा आर्य, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, महेश राम, सरोज, सुनीता, सलमा, रूपती देवी, पुष्पा, विमला पाण्डे, उमा, लोकेश कुमार, रेवाधर, शान्ति, चन्दन मौजूद रहे।

## शिक्षण की गुणवत्ता को नई दिशा देने का उद्देश्य

### आईबीएस ने कराई दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिक्षण की गुणवत्ता को नई दिशा देने के उद्देश्य से इक्फाई बिजनेस स्कूल (आइबीएस) की ओर से हल्द्वानी के एमआइईटी कॉलेज में दो दिवसीय छात्र एवं फैकल्टी नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केस स्टडी आधारित शिक्षण, आधुनिक तकनीक और संसाधनों के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में सुधार और नवाचार पर गहन चर्चा की गई। इस कार्यशाला में दर्जनों शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि केस स्टडी न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देती हैं, बल्कि जटिल विषयों को समझने में भी मददगार होती हैं। इससे न सिर्फ



शिक्षण प्रक्रिया में रोचकता आती है, बल्कि यह छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी तैयार करती है। कार्यशाला में केस स्टडी और व्यवहारिक शिक्षा, आधुनिक तकनीकों के उपयोग से शिक्षण प्रणाली में सुधार, फैकल्टी व छात्रों के ज्ञानवर्धन को नई दिशा, शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर नवाचार की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता आइबीएस देहरादून के डीन डा. ऋषि द्रेसर और प्रो. सोहेल यासीन रहे। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को शिक्षा के स्तर को लगातार बेहतर बनाने और व्यक्तिगत ज्ञान में निरंतर वृद्धि पर बल दिया। बता दें कि आईबीएस पिछले तीन दशकों से केस स्टडी आधारित शिक्षा प्रणाली को अपनाकर छात्रों को व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार कर रहा है और इस क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी संस्थानों में गिना जाता है। कार्यक्रम के समापन पर आइबीएस के शाखा प्रबंधक डेनियल मसीह ने सभी अतिथियों, छात्रों और फैकल्टी का आभार प्रकट किया।

### अज्ञात ट्रक चालक पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** पिछले महीने फतेहपुर के पास हुए सड़क हादसे में पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगदंबानगर हल्द्वानी निवासी राकेश ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि बीते 25 अगस्त की रात्रि उनका भांजा कार में सवार होकर कालाढूंगी से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। जैसे ही वह फतेहपुर के पास पहुंचा तो एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन मौके से ट्रक चालक फरार हो गया था। परि. जनों की तहरीर के आधार मुखानी पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

## कुमाऊंनी ऐपण कला को मिला जीआई टैग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला महाविद्यालय हल्द्वानी के नवाचार क्लब के प्रयासों से कुमाऊँनी ऐपण कला को भौगोलिक संकेतक (जीआइ) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। क्लब के पूर्व नोडल अधिकारी डा. रितुराज पंत ने बताया कि मुख्यमंत्री नवाचार



योजना के अंतर्गत 2022-23 में 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 छात्राओं ने ऐपण कला के आधुनिक स्वरूप सीखे। प्रशिक्षण के दौरान तैयार उत्पादों को भारत सरकार तक पहुँचाया गया और कई छात्राओं को ऑर्डर मिलने लगे। खासकर छात्राएं प्रियांशी रावत और आयुषी रावत को जीआइ प्रमाणित कलाकार का दर्जा प्राप्त हुआ है। उनके हस्तनिर्मित उत्पादों में सॉफ्ट टॉयज़, कुशन कवर, नेम प्लेट्स, वॉल हैंगिंग्स, की-चेन आदि शामिल हैं। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने इस उपलब्धि को क्षेत्र की सांस्कृतिक धरो. हर से जुड़ा एक नया आयाम बताया। यह पहल न केवल कला को संरक्षण देने का कार्य है, बल्कि छात्राओं के लिए आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा में प्रेरणादायक कदम भी है। इस अवसर पर डा. फकीर सिंह, डा. गीता पंत, डा. रुचि, डा. मंजरी सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी छात्राओं को बधाई दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सिंचाई नहर में शव मिलने से मचा हड़कंप

**■ तीन दिन से लापता था व्यक्ति, जांच में जुटी पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शनिवार की सुबह रामनगर के हाथीडंगर इलाके में तीन दिन से लापता एक व्यक्ति का शव सिंचाई नहर में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार 11 सितंबर की शाम रामनगर के ग्राम मोतीपुर नेगी पीरुमदारा निवासी आजम अल्वी अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान से सामान लेने के लिए निकले थे। वे परिजनों से घर से बाहर जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन काफी देर बीतने के बावजूद आजम अल्वी वापस नहीं लौटे, जब परिजनों ने उन्हें तलाशने की कोशिश की तो कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने हाथीडंगर के समीप सिंचाई नहर में एक शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के साले असलम शाह समेत परिजन और पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गए। वहीं मृतक के साले असलम शाह ने बताया हमें सूचना मिली कि मेरे जीजा आजम अल्वी का शव नहर में पड़ा है, परिजन बेहद दु:खी और सदमे में हैं। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूरी घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल रामनगर अरुण कुमार सैनी ने बताया कि घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के सही कारण का पता चलेगा, फिलहाल हर पहलू से जांच कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि आजम अल्वी बेहद ईमानदार और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे।

# अब बेरोजगारी नहीं मिलेगा हक और मौका!

**■ स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने का मंत्री ने दिलाया भरोसा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** सितारगंज, सिडकुल इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन (SSIWA) द्वारा आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा पहुंचे। कार्यक्रम में उद्योगपतियों और एसोसिएशन के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास को गति देने और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी का रहा। सम्मानित सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र के हजारों युवा योग्यता के बावजूद अवसर से वंचित हैं। इस भेदभाव से न केवल स्थानीय समाज में असंतोष बढ़ रहा है बल्कि विकास की जड़ों को भी कमजोर कर रहा है। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत सामने नहीं आएगी। उन्होंने कहा अब बेरोजगारी नहीं मिलेगा हक और मौका! स्थानीय प्रतिभाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। केबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया कि रोजगार में भेदभाव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और सख्त निगरानी तंत्र बनाया जाएगा।

# एक नजर

## दुकान से हजारों की नकदी व सामान चोरी, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की रात्रि सरदार भगत सिंह राजकीय डिग्री कॉलेज गेट के पास स्थित फोटोस्टेट शॉप में चोरों ने धावा बोलकर वहां से कंप्यूटर, प्रिंटर, सोलर पैनल और जरूरी कागजात सहित हजारों की नगदी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर रम्पुरा चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

जानकारी के अनुसार प्रेम विश्वास पुत्र स्व.सत्यदेव विश्वास, निवासी साउथ एवेन्यू, एलायंस कॉलोनी, बिलासपुर की डिग्री कॉलेज गेट के पास एक खोखे में सरदार भगत सिंह फोटोस्टेट नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खोखे के पीछे से टीन शैड के नेट बोल्ट खोलकर टीन निकाल ली और दुकान में घुसकर एक कंप्यूटर, दो प्रिंटर, सोलर पैनल और कोचिंग से संबंधित आवश्यक कागजात सहित लगभग 14 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। आज प्रात: करीब 8:30 बजे जब वह दुकान खोलने आया तो उसे दुकान की पीछे की टीन निकली हुई दिखाई दी और अन्दर काफी सामान नदारद था। घटना की जानकारी मिलते ही रम्पुरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही चोरों की पहचान कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## विधायक निधि से स्वीकृत दुर्गा मन्दिर में सौंदर्यकरण कार्य का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी के दुर्गा मन्दिर मे विधायकनिधि से स्वीकृत सौंदर्यकरण कार्य का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। विधायक लगातार क्षेत्र के भ्रमण पर है, जो एक के बाद एक विकास कार्यों को जनता को समर्पित करते जा रहे हैं। वहीं बंगाली कॉलोनी के दुर्गा मन्दिर जहां अनेको धार्मिक, समाजिक कार्यक्रम होते हैं उसके प्रांगण के सौंदर्यकरण हेतु काफी समय से मांग चली आ रही थी, जिसको विधायक निधि के माध्यम से कराने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं तो वहीं बरसात थमने के बाद कई बड़े कार्य, रोड निर्माण का भी कार्य आरम्भ होगा, साथ ही त्यौहार आने को हैं तो मुख्य बाजार में सड़कें बनाने का कार्य आरम्भ होने वाला है, जो दशहरा से पहले बनकर तैयार हो जाएगी। वहीं महतोष मानूनगर मार्ग जो काफी खराब स्थिति में था उसका भी टेंडर प्रकिया पूर्ण करते हुए अब आने वाले समय में कार्य आरम्भ होने वाला है। विधायक अरोरा जो कार्य बोलता है। इस दौरान पार्षद सरो राय, गोविन्द राय, डा. ईश्वर मलिक, गणेश सरकार, रंजीत मिस्त्री, परिमल राय, निर्मल हलदार, ककन मिस्त्री, रेनू जुनेजा, सुकांत कुमार, सरोज राय, गुंधर गुह, सुशांत हलदार, डंम्पी चोपडा, मयंक कक्कड़, सतनाम सिंह, अनमोल विर्क, मोहित चड्ढा,किशन राय, पवित्र राय, विश्वजीत मजूमदार, पंकज राय, शंकर सरकार प्रेम सरकार, विकास मंडल, श्याम सरकार, सुनील राय, गोपाल मजूमदार, सुजीत हलदार, जीतेन्द्र राय, अशोक राय, विष्णु, मुकेश मालाकार, सचिन राय आदि लोग मौजूद रहे।



# ग्रामीण बैंक की आड़ में महिला से 1.46 लाख हड़पे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शांति विहार कॉलोनी निवासी एक महिला से फर्जी ग्रामीण बैंक में खाता खुलवाकर रोजाना किस्तों में 146,000 की राशि जमा कराई गई, लेकिन जब महिला ने अपनी जमा राशि ब्याज सहित वापस मांगी, तो बैंक एजेंट ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि बैंक भाग गया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर चौकी आदर्श कॉलोनी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शांति विहार कॉलोनी निवासी कमलेश दिवाकर पत्नी अर्जुन सिंह दिवाकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रेशम सिंह, निवासी घास मंडी, रुद्रपुर ने खुद को बोहरा ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड बैंक का एजेंट बताते हुए उनका खाता खुलवाया। साथ ही रोजाना 200 की दैनिक किस्त जमा करवाने को कहा। कमलेश के अनुसार, उन्होंने चार फरवरी 2023 से चार फरवरी 2025 तक कुल 1,46,000 की राशि नियमित रूप से जमा की। एजेंट ने भरोसा दिलाया था कि तय अवधि के बाद यह राशि ब्याज सहित उन्हें वापस कर दी जाएगी। तहरीर में कहा गया है कि जब कमलेश दिवाकर ने अपनी राशि की वापसी के लिए संपर्क किया, तो रेशम सिंह ने कई बार उन्हें आश्वासन दिया। लेकिन बाद में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि बैंक भाग गया है और अब उसके पास पैसे नहीं हैं। महिला का आरोप है कि चूंकि रेशम सिंह एजेंट था, और पूरा पैसा उसी के माध्यम से जमा हुआ, इसलिए उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह जमा राशि लौटाए। पीड़िता ने पहले भी एक अप्रैल 2025 और 20 अप्रैल 2025 को आदर्श कॉलोनी चौकी में शिकायत दी थी, लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने दोबारा तीन मई 2025 को शिकायत दर्ज कराई। अब इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी निवेश स्कीम के नाम पर छह लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक निवेशक से 12 प्रतिशत मासिक रिटर्न और मूलधन कभी भी वापस पाने का लालच देकर छह लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश के तीन व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी व साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विम स्कायर कालोनी निवासी राम प्रकाश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जुलाई 2024 में देवेन्द्र कुमार, निवासी मोहल्ला सराय, सदर बाजार, गुन्नौर, जिला संभल (उ.प्र.), उनके पास आए और स्वयं को एफएक्स स्टॉक कॉरपोरेशन लिमिटेड, गुरुग्राम (हरियाणा) का सेल्स मैनेजर बताया। देवेन्द्र ने कंपनी के पहचान पत्र, निवेश प्लान और नियमों से संबंधित बुकलेट भी दिखाई। इसके बाद जूम मीटिंग के जरिए संदीप खोखकर, निवासी गुरुग्राम ने पूरी निवेश योजना विस्तार से समझाई। मीटिंग में कंपनी के कथित मालिक दीपक मलिक, निवासी रोहतक का भी नाम सामने आया। निवेश योजना के अनुसार, निवेशक को मूलधन पर 12 प्रतिशत मासिक रिटर्न देने और कभी भी मूलधन वापस लेने की सुविधा देने का दावा किया गया।

राम प्रकाश शर्मा के अनुसार उन्होंने एफएक्स स्टॉक कॉरपोरेशन लिमिटेड के दो अलग-अलग बैंक खातों में कुल छह लाख जमा किए। प्रारंभ में कुछ महीनों तक उन्हें निवेश पर छोटे मोटे रिटर्न प्राप्त हुए, लेकिन बाद में रिटर्न आना पूरी तरह बंद हो गया । जब उन्होंने मूलधन वापस मांगा, तो उन्हें साफ इनकार कर दिया गया।

पीड़ित का आरोप है कि देवेन्द्र कुमार, संदीप खोखकर और दीपक मलिक ने आपसी साठगांठ कर उन्हें योजनाबद्ध तरीके से धोखे में रखा और ठगी की। उन्होंने जानबूझकर फर्जी प्रलोभन देकर निवेश कराया और बाद में सम्पर्क तोड़ लिया।

कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने राम प्रकाश शर्मा की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, षड्यंत्र और विश्वासभंग की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## कार्यशाला में सेवा पखवाड़े के लिए बनाई रूपरेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक प्रस्तावित सेवा पखवाड़ा को लेकर संत कबीर मंडल की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला बैठक जीतेन्द्र संधु के कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सेवा पखवाड़ा के दौरान मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई तथा कार्यकर्ताओं को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।




बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्य ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भाजपा की सेवा भावना को पहुंचाना है। भाजपा एक मात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो सत्ता के लिए नहीं, सेवा के लिए कार्य करता है। यह पखवाड़ा हमें आत्मचिंतन, आत्मनिष्ठा और आत्मबल प्रदान करने का अवसर है। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्तियों में जाकर चिकित्सा शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर तथा विभिन्न जनसेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक की अध्यक्षता संत कबीर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल ने की । उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टीमें गठित कर दी गई हैं। प्रत्येक दिन को एक सेवा कार्य के लिए निर्धारित किया गया है और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यशाला में जिलामंत्री गजेंद्र सिंह प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री जितेन्द्र संधू, महामंत्री नरदेव शर्मा, भीमसेन गुप्ता, एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित संस्थान होरिजोन का सिक्स सिग्मा के बच्चों ने किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पैकेज ए यूनिट ऑफ जेके पेपर, सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के बीबीए व बीसीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने होरिजोन पैकेज ए यूनिट ऑफ जेके पेपर में औद्योगिक भ्रमण किया।

इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र-छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए, क्योंकि सामान्यत: जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते हैं, जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता हैं। इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर औद्योगिक भ्रमण कराता है ।

होरिजोन पैकेज ए यूनिट ऑफ जेके पेपर छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एचआर व विशेष एक्सपर्ट द्वारा कराया गया, जिसमे रॉ मैटेरियल, ऑपरेशन एरिया, पेकेजिंग एवं व्यापार संबंधित के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पन्त (फार्मेसी), प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट (पॉलीटेक्निक), प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी (नर्सिंग) व संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय हिंदी पखवाड़ा मनाया गया

**■ पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम, द्वितीय स्थान सरस्वती व तृतीय स्थान रीशु ने प्राप्त किया**

**■ कार्यक्रम के सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय हिंदी पखवाड़ा के रूप में मनाया गया ।

शनिवार को दो दिवसीय हिंदी पखवाड़ा में पोस्टर प्रतियोगिता भाषण, कविता ,कुमाऊनी लोक नृत्य दोहे प्रस्तुत किये गये। आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक डा. ममता सुयाल, डा. मिनाक्षी, डा. आशा गाढिया रहे पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम द्वितीय स्थान सरस्वती तृतीय स्थान रीशु ने प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डा. उमेश चंद्र जोशी, डा. रवि जोशी, डा. दर्शन मेहता, डा. निशा परवीन रहे। इसमे प्रथम स्थान प्रियांशी, द्वितीय स्थान नेहा अटवाल, तृतीय स्थान अतुल राणा व सांत्वना पुरास्कर के रूप में बेबी कौर ने स्थान प्राप्त किया। वहीं कविता प्रतियोगिता में निर्णायक रही। डा. निवेदिता, डा. मृत्युंजय शर्मा, डा. ललित बिष्ट, डा. स्वाति, डा. मंजू लता रहे, जिसमें प्रथम स्थान पूजा जोशी द्वितीय पूजा जोशी तथा तृतीय स्थान कुमकुम राणा ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जलित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को अपनी राष्ट्र भाषा हिंदी का सम्मान करने और उस अपनाने और प्रचार-प्रसार करने का संदेश और हिंदी दिवस के महत्व, भारतीय संस्कृति से इसका जुड़ाव एवं राष्ट्रीय एकता में इसके योगदान पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी में बोलने, लिखने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे प्रोफेसर विद्या शंकर शर्मा ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेरित करते हुए हिंदी की उपयोगिता एवं सम्मान पर प्रकाश डाला।

# डॉक्टर से लिफ्ट लगाने के नाम पर छह लाख ठगे

**■ डॉक्टर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिफ्ट लगाने के नाम पर किच्छा रोड स्थित भदईपुरा में संचालित एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर से छह लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। डॉक्टर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डा. भट्ट क्लीनिक के संचालक डा. दीपक कुमार भट्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अजमत अली, प्रोपराइटर टाईटन एलीवेटर्स, प्रेमनगर, देहरादून से अपने क्लीनिक में लिफ्ट लगाने का अनुबंध किया था। यह अनुबंध 17 अप्रैल 2024 को हुआ, जिसकी कुल लागत 6,60,000 तय की गई थी। समझौते के अनुसार, लिफ्ट की स्थापना के बाद 12 माह की वारंटी भी दी जानी थी। डा. भट्ट के अनुसार, उन्होंने अनुबंध के अनुरूप 22 अप्रैल 2024 को 10,000 नकद और 26 अप्रैल 2024 को 3,20,000 की धनराशि अजमत अली के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर की। इसके बाद अजमत अली ने शेष भुगतान के लिए देहरादून बुलाया। डा. भट्ट की ओर से उनके मित्र शिव कुमार अग्रवाल ने देहरादून में 13 अगस्त 2024 को 2,20,000 और दो सितंबर 2024 को 50,000 की राशि सतीश कुमार के माध्यम से अजमत अली को सौंपी।

डा. भट्ट के अनुसार, सभी भुगतानों की रसीदें उनके पास सुरक्षित हैं। भुगतान के बाद भी अजमत अली ने न तो लिफ्ट की इंस्टॉलेशन शुरू की और न ही किसी प्रकार का तकनीकी या व्यावसायिक समाधान प्रस्तुत किया। जब डॉ. भट्ट ने कई बार फोन किया तो अजमत अली ने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। डॉ. भट्ट ने पूर्व में देहरादून पुलिस की मदद भी ली, जहां अजमत अली ने पुलिस के समक्ष लिफ्ट लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाली रुद्रपुर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार डॉ. भट्ट ने आरोप लगाया है कि अजमत अली की मंशा शुरू से ही धोखाधड़ी की थी और उन्होंने साजिशपूर्वक छह लाख की राशि हड़प ली। पुलिस ने डा. भट्ट की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेलाघाट, नारायण नगर, बनबसा व टनकपुर की बढ़ी चौकसी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते भारतीय सीमा पर वन विभाग भी चौकस है। वन विभाग नेपाल से सटे सीमा के जंगल की सुरक्षा को लेकर टीमवार गश्त पर है।

वन विभाग की नेपाल से लगी खटीमा रेंज की सीमा उधम सिंह नगर के मेलाघाट, खटीमा से टनकपुर (चंपावत) तक चौकसी बरत रहा है। खटीमा रेंज की नेपाल से लगी सीमा में जहां आबादी क्षेत्र पड़ता है वहीं खटीमा रेंज अकूत वन संपदा का सिरमौर है। ऐसी स्थिति में नेपाल के अराजक तत्व भारतीय सीमा का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न कर सकें।

उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने बताया कि उनकी टीमें एसएसबी सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बॉर्डर पर गश्त करती हैं। वहीं सुरक्षा टीमें स्वयं भी नेपाल से लगे वन क्षेत्र की चौकसी पर लगी हुई है। बॉर्डर पर निरंतर चौकसी के लिए तमाम संसाधनों के साथ ही इस बार पेट्रोलिंग नाव का भी सहारा लिया जा रहा है। इधर वन क्षेत्राधिकारी जीवन चन्द्र उप्रेती ने बताया कि नेपाल सीमा से लगे खटीमा रेंज के मेलाघाट, नारायण नगर, बनबसा सहित टनकपुर तक आरक्षित वन क्षेत्र में चौकसी बरती जा रही है।

## नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म ।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले का शक्तिफार्म कस्बा इन दिनों एक गंभीर सामाजिक संकट से जूझ रहा है। यहां युवाओं की जिंदगी पर नशे का ऐसा कहर टूट पड़ा है कि परिवार बर्बाद हो रहे हैं। घर उजड़ रहे हैं और कई नौजवान असमय मौत का शिकार बन चुके हैं। यही कारण है कि अब क्षेत्र के युवाओं ने ठान लिया है कि शक्तिफार्म को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराना ही होगा।

शनिवार को युवाओं ने शक्तिफार्म चौकी पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंप मौखिक रूप से नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ये कारोबार महज धंधा नहीं, बल्कि "मौत का सौदा" है। इस गोरखधंधे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं और अनगिनत नौजवानों की जिंदगी अंधकारमय कर दी। नशा सिर्फ किसी व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जड़ों को खोखला कर देता है। शक्तिफार्म में भी यही हो रहा है। विद्यालय और कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चे इस जाल में फंस रहे हैं। कच्ची शराब और स्मैक के कारण अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, घरेलू कलह आम हो गया है और समाज का ताना-बाना टूटने लगा है। युवाओं का कहना है कि यदि अब भी कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। युवाओं ने अपने संकल्प में कहा कि वे न सिर्फ विरोध करेंगे बल्कि घर-घर जाकर नशामुक्ति अभियान भी चलाएंगे। उनका स्पष्ट संदेश है ख्र "या तो नशा खत्म होगा, या फिर हमारी लड़ाई और तेज होगी। इस मौके पर गुड्डू सिंह,रोहित शंखबनिक,अमित विश्वास,राजा हालदार,राजेश ढाली,विशाल राय,राजेश कुमार,अर्जुन मल्लिक,मुन्नाजीत आदि युवा शामिल थे।

# हिन्दी व शिक्षक दिवस एवं पंत जयंती संयुक्त रूप से संपन्न

**■ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी पुरस्कृत व सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र के साथ ही हिन्दी दिवस, शिक्षक दिवस एवं पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से मनाया गया। मुख्य वक्ता गिरीश जोशी एवं त्रिलोक जोशी द्वारा हिन्दी दिवस का महत्व बताया। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती पर आचार्य होशियार द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने व स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएस बोरा द्वारा प्रस्तुत कर यहां मौजूद छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और हिन्दी दिवस की बधाई दी। संचालन हिमांशु जोशी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य बसंत, त्रिलोक, गिरीश, प्रकाश जोशी, दीदी पूनम, पूनम राणा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ विदाई समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का बहुप्रतीक्षित विदाई समारोह "Farewell — ADIOS 2k25" बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे एमडी सर, निदेशक (AIT), प्राचार्य (Management) एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से संपन्न किया।

समारोह में छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल-गतिविधियां और मनमोहक रैम्प वॉक प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। मंच पर विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए और शिक्षकों एवं साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। आप सभी अपने ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों से समाज में नई पहचान बनाएं। कार्यक्रम का समापन भावपूर्ण माहौल में हुआ, जहां वरिष्ठ छात्रों ने अपने जूनियर्स से विदाई लेते हुए कॉलेज की अनमोल यादों को सहेजने का वचन दिया।

# गश्त पर निकले वन कर्मियों के सामने आए बाघ

- पेड़ पर चढ़कर वनकर्मियों ने बचाई अपनी जान
- अचानक एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ सामने आ गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वन कर्मी अपनी जान पर खेलकर वन्य जीवों की देखभाल और शिकारियों से उनकी रक्षा करते हैं।

वनों में गश्त करते समय अनेक बार उनका जानलेवा खतरे से भी सामना हो जाता है। ऐसी ही घटना कॉर्बेट पार्क से सटे रामनगर वन प्रभाग में हुई। यहां वन कर्मी नियमित गश्त पर थे। अचानक उनके सामने एक नहीं बल्कि तीन बाघ आ गए। ऐसे में इन वनकर्मियों ने सूझबूझ से न केवल अपनी जान बचाई, बल्कि राष्ट्रीय पशु बाघ के वीडियो भी बना लिए.

जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटे रामनगर वन प्रभाग के टेढ़ा क्षेत्र में वनकर्मियों की बहादुरी ने एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। वन और वन्यजीवों की सुरक्षा में दिन-रात तैनात वनकर्मी उस समय संकट में पड़ गए, जब वे नियमित गश्त पर निकले थे. टेढ़ा कुलबन्दा नाले के पास अचानक तीन टाइगर सामने आ गए।

इनमें एक वयस्क टाइग्रेस अपने दो शावकों के साथ आक्रामक मूड में दिखी। अचानक सामने आए बाघों को देखकर वनकर्मियों की धड़कनें बढ़ गईं। इस खतरनाक स्थिति में चार वनकर्मियों ने बिना देर किए पेड़ पर चढ़कर खुद को सुरक्षित किया। पेड़ पर दुबककर उन्होंने अपनी जान बचाई। इस दौरान उन्होंने तीनों बाघों के वीडियो भी बनाए। बाघ काफी देर तक उस पेड़ के आसपास टहलते रहे, जिस पर वनकर्मी चढ़े हुए थे।

स्थानीय पर्यावरण प्रेमी नमित अग्रवाल ने वन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की है।

उनका कहना है कि वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ उनकी अपनी सुरक्षा को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। रामनगर वनप्रभाग में यह घटना वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती को उजागर करती है।

वनकर्मियों की बहादुरी समय पर लिया गया सही निर्णय और सतर्कता ने एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया. वन विभाग की ओर से लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वन्यजीवों के साथ-साथ मानव समुदाय सुरक्षित रह सके।

हमारे वनकर्मी रोजाना की तरह अपनी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए गश्त पर निकले थे. अचानक टाइग्रेस अपने दो शावकों के साथ उनके सामने आ गई। वनकर्मियों ने तात्कालिक निर्णय लेते हुए पेड़ पर चढ़ना ही उचित समझा। जब तक बाघिन और उससे शावक वहां पर रहे, वनकर्मियों ने धैर्य से पेड़ पर बिना आवाज किए उनकी गतिविधि पर बारीक नजर रखी। बाघों के वहां से जाने के बाद वनकर्मी पेड़ से सुरक्षित उतरकर आए और उन्होंने पूरी कहानी सुनाई और वीडियो दिखाए।

**शेखर तिवारी, रेंज अधिकारी, रामनगर वन प्रभाग**

### बाघिन और उसके शावकों की मूवमेंट पर नजर

रेंज अधिकारी ने कहा कि हमारे वनकर्मी टाइगर और उसके शावकों की मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके चलते ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी अनहोनी की पुनरावृत्ति न हो। हाल ही में वन विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी माना जा रहा है कि रामनगर वनप्रभाग में टाइगर्स की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह वृद्धि वन परिदृश्य पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों का सकारात्मक परिणाम है।

## गुलदार के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** पतरामपुर वन चौकी के पास एक युवक पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से युवक जमीन पर गिर गया। शोर मचाने पर युवक को छोड़कर गुलदार भाग गया। युवक किसी तरह गुलदार के चंगुल से बच तो गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गया।पास के लोगों द्वारा घायल युवक को तुरंत सरकारी चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया। घायल को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरामपुर सीपका निवासी 28 वर्षीय युवक बिट्टू सुबह लगभग 6:30 बजे घर से बाइक पर सवार होकर पतरामपुर के लिए निकला था। पतरामपुर वन विभाग की चौकी के पास अचानक गुलदार ने उसे पर हमला कर दिया। शोर मचाते हुए उसने किसी तरह संघर्ष कर अपनी जान बचाई। इस दौरान उसके पेट व हाथ पर हमला कर गुलदार ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना से आसपास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई है। ज्ञात हो इस तरह गुलदार के हमले की यह पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी गुलदार द्वारा कई लोगों पर हमला कर घायल कर दिया गया है। इसको लेकर वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में बहुत रोष / गुस्सा व्याप्त है। ग्रामीणों ने गुलदार के हमले से निजात दिलाने की वन विभाग से मांग की है।

## बर्बाद फसल व होने वाले भू-कटाव से निजात की मांग

- नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा को सौंपा ज्ञापन
- वर्ष 2008 से लगातार बरसात में उफनती देवहा से हो रही बर्बादी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नानकमता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय पहुंचे टुकड़ी बिचवा, बिचई के बाढ़ प्रभावित परिवारों ने उफनती देवहा नदी से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने वर्ष 2008 से बरसात में उफनती देवहा सब कुछ बर्बाद कर देती है, लेकिन शासन प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है।

पूर्व जिपंस आनन्द सिंह राणा, पूर्व जेष्ठ प्रमुख गोमती राणा व किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैल सिंह की देखरेख में नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में मिले ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में देवहा नदी उनकी फसल तथा खेत, खलिहान, घर - आंगन में फैल कर भारी नुकसान पहुंचा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र से मैदान में उतरने वाली नदी कैलाश व देवहा के नाम से दो भागों में बट जाती है। शुरुआत 60 प्रतिशत पानी कैलाश नदी दूनी डैम पीलीभीत तथा 40 प्रतिशत पानी देवहा नदी से नानकमत्ता सागर डैम में गिरता है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि चोर गलियां व सिड़कुल को बचाने के उद्देश्य से यहां चोर गलियां में नदी के किनारे सुरक्षा वाल तथा चार-पांच किमी आगे कैलाश का 30 प्रतिशत पानी और देवहा नदी में छोड़ा जाता है।

देवहा में अधिक जल प्रभाव होने से नानक सागर डैम का जलस्तर बढ़ता है, वहीं देवहा का ओवरफ्लो पानी बिचवा, टुकड़ी, भूड़आला, हरैया, विचई, बरकी डांडी, सरौजा आदि ग्रामों में भरकर फसल बर्बाद व भू- कटाव करता है।

ग्रामीणों ने उत्तरख्र प्रदेश से उत्तराखंड सरकार से इस संबंध में उचित कार्यवाही की मांग की है। विधायक राणा ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या हल कराने को कहा। विधायक राणा को जिलाधिकारी ने आस्वस्थ किया कि यूपी व उत्तराखंड की होने वाली संयुक्त बैठक उन्हें आमंत्रित करने का आश्वासन दिया।

मांग करने वालों में कुलविन्दर सिंह, गोपाल सिंह, बलवंत सिंह, गुरदेव सिंह, सतनाम सिंह, विवरण सिंह, जवाहर सिंह, सचिन राणा आदि सम्मिलित थे।

## न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरा दिन रहा रोमांचक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के मैदान में आयोजित प्रारम्भिक शिक्षा की क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नवीन जोशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर न्याय पंचायत क्षेत्र के लगभग 500 बच्चों ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाया।

व्यक्तिगत एथलेटिक स्पर्धाओं में ग्रीनवर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विराट मेवाड़ी ने 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में अक्षय यादव ने बाजी मारी। कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता में न्यू ज्ञान दीप जूनियर हाईस्कूल की टीमों ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 50 मीटर दौड़ में शिवानी, 100 और 200 मीटर में प्रतिभा, लंबी कूद में प्रियांशी गुप्ता तथा 400 मीटर दौड़ में सोनाली जोद्दार ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में न्यू ज्ञान दीप जूनियर हाईस्कूल और राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिलियापुर की टीम विजेता रही। निर्णायक मंडल में राजेश कुमार, मुनीश सक्सेना, राम माली, धनंजय, सच्चिदानंद, समीर साना, दीपा तिवारी, मुबीना, सुजीता राय और प्रकाश बोरा शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने किया, जबकि पंकज राय ने उद्घोषणा तथा राम जनम चौहान, संजीव दास और अनिल श्रेष्ठ ने अभिलेखन में सहयोग दिया। प्रतियोगिता की व्यक्तिगत व टीम स्पर्धाओं में अव्वल खिलाड़ियों का चयन विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचलों में भी खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## आबकारी आयुक्त के निर्देशन में अवैध शराब पर मारा गया छापा

- छह अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त कर बड़ी मात्रा में पकड़ी शराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के अड्डों के संपूर्ण विनष्टीकरण हेतु आबकारी आयुक्त महोदया, उत्तराखंड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जनपदीय अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में, संयुक्त आबकारी आयुक्त, कुमाऊं मंडल के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी, उधम सिंह नगर द्वारा एक संयुक्त प्रवर्तन टीम का गठन किया गया। टीम में रुद्रपुर, खटीमा एवं जनपदीय परावर्तन इकाइयों के अधिकारी एवं कार्मिक सम्मिलित किए गए।

गठित प्रवर्तन टीम द्वारा आज 13 सितम्बर को ग्राम रायपुर के जंगल क्षेत्र, जो कि अवैध मद्य निष्कर्षण की संदिग्ध गतिविधियों हेतु चिन्हित था, में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम को छह अवैध शराब भट्ठियां मौके पर चलती अवस्था में प्राप्त हुईं, जिन्हें तत्काल ध्वस्त किया गया। मौके से 350 पाउचों में पैक की गई कच्ची शराब बिक्री हेतु तैयार अवस्था में बरामद की गई। इसके अतिरिक्त दो ट्यूबों में 45-45 लीटर, कुल 90 लीटर अवैध शराब तथा एक 30 लीटर क्षमता वाला ड्रम शराब से भरा हुआ बरामद किया गया। अभियान के दौरान लगभग 1500 किलोग्राम लहान (किण्वित मिश्रण) को मौके पर ही नष्ट किया गया। शराब निष्कर्षण में प्रयुक्त उपकरणों एवं निर्माण सामग्री को भी विधिसम्मत रूप से जप्त किया गया।

उक्त अभियान में आबकारी निरीक्षक बृजेश नारायण जोशी, महेंद्र सिंह बिष्ट एवं लालू राम, उप आबकारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार एवं जगदीश कुमार तथा आबकारी सिपाही वीरेंद्र, राजेंद्र, श्री विकास, बलजीत, पंकज एवं नितेश सम्मिलित रहे। प्रवर्तन टीम का अभियान क्षेत्र में अभी भी जारी है। अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आबकारी विभाग सतत रूप से सक्रिय है। विभाग राज्य में वैध, नियंत्रित एवं सुरक्षित मद्य व्यापार व्यवस्था की स्थापना हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे अवैध अड्डों के विरुद्ध इसी प्रकार की सघन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## अधिवक्ता के खाते से साइबर ठगों ने 67000 रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बार एसोसिएशन के एक अधिवक्ता के खाते से साइबर ठग ने लगभग रू67000 की रकम ठग ली अधिवक्ता को घ800 वापस देने और बैलेंस चेक करने का झांसा दिया गया ठगी का नया तरीका सामने आने पर पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

मोहल्ला गुजरातियान लक्ष्मी नगर निवासी अधिवक्ता नवरत्न सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को उनके फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर कहा कि 21 जून को उसके गूगल पे से जो 800 चले गए वह वापस आ जाएंगे उसे सिर्फ गूगल पे ऐप पर जाकर बैलेंस चेक करना होगा पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि कॉल करने वाले की बात मानकर उसने जैसे ही बैलेंस चेक किया तो आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया मोबाइल फोन अनलॉक होते ही उसके खाते से साइबर तो ने रु 67123 उड़ा लिए उनके द्वारा बैलेंस चेक करने के बाद ठगी का एहसास हुआ पीड़ित ने कॉल करने वाले की आईडी और नाम सहित पुलिस से शिकायत की है जसपुर प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि क्योंकि यह मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है प्रथम दृष्टया अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है उन्होंने भविष्य में लोगों से साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की अपील की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिला योजना समिति के सदस्य जितेश टम्टा ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को एक ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सन 1962 से बसे गांव शिवनाथपुर नई बस्ती, शिवनाथपुर पुरानी बस्ती



हनुमानगडी, कुसुमहार, पटरानी, गोपालनगर मालधन नंबर-08,10, नत्थावली को राजस्व गांव व मलिकाना हक दिया जाए। उन्होंने बताया कि पर्वतीय भूमिहीन हिन्दू शिल्पकारों की सन 1957 में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री स्व पण्डित गोविन्द बल्लभ पर्त एवं स्व खुशी राम विधायक के अथक प्रयासी घ्द्वारा 3383 हेक्टर भूमि आवंटन की गयी थी। जिसमें 131 हेक्टर भूमि आवंटित की गयी जो लोग शेष बचे थे। उनको इन गांव बसाया गया था।यह गांव भी पूर्व में बसे गांव थे। जहाँ अभी माता सती देवी का पौराणिक मंदिर एवं तालाब पुराने जमाने के कुएं है।सन 2014 में सड़क बिजली पानी स्कूल वर्तमान सरकार द्वारा दिया गया।उनको मालिकाना हक देकर हिन्दू घशिल्पकारों के भविष्य के लिए एक कीर्तिमान इतिहास लिखकर मालिकाना हक दिया जाएं।इस दौरान मालधन मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद्र आर्य,जिला पंचायत सदस्य अनीता आर्य,भाजपा नेता संजय डॉर्बी,पूर्व राज्यमंत्री हरीश दाफोटी,मनमोहन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## पुलिस प्रशासन ने चलाया सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में पुलिस प्रशासन ने शनिवार की सुबह सत्यापन अभियान चलाया।इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और शहर के कोने-कोने में यह अभियान देखने को मिला।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में रामनगर में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि खास तौर पर बाहरी लोगों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया।जो बिना सत्यापन के किराए पर रह रहे थे। जिनका सत्यापन नहीं मिला, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई और मौके पर ही सत्यापन भी कराया गया।ताकि शहर में सुरक्षा व्यवस्था और भी सख्त हो सके। कोतवाल ने बताया कि पुलिस बल के साथ सत्यापन अभियान में अलग-अलग टीम बनाई गई जिनके द्वारा खताडी क्षेत्र, गुलरघट्टी, पूछड़ी, कार्बेट कलानी,कालूसिद्ध, भरतपुरी, पम्पापुरी क्षेत्रान्तर्गत कुल 750 व्यक्तियो का सत्यापन किया गया जिसमे बगैर सत्यापन के कुल 93 लोग पाए । जिनमे से 65 लोगों का चालान अंतर्गत धारा 81 पुलिस एक्ट का कर कुल 23500 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया और 28 लोगों का अंतर्गत धारा 83 पुलिस एक्ट के तहत कोर्ट चालान किए गए हैं।

इस दौरान कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस,पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक,ढेला पुलिस चौकी प्रभारी जोगा सिंह, एसआई सुरभि राणा,एसआई नीरज चौहान,एसआई मोहम्मद सादिक,हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, कांस्टेबल विजेन्द्र गौतम आदि मौजूद रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मो. आरिफ गलत लोगों की संगति में पड़ा गया है। मुझे व मेरे परिवार को आए दिन गाली-गलौच एवं अभद्र व्यवहार करता है। उसकी पत्नी अजमी भी उसका पूरा साथ देती है। पुत्र व पुत्रवधु के उक्त कृत्य से दुखी होकर मैने अपने पुत्र मो. आरिफ व उसकी पत्नी अजमी को अपनी हर प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधु के द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मो. नबी पुत्र श्री अब्दुल नबी, निवासी ग्राम बघैरी, सितारगंज, उधमसिंह नगर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र ईश्वरी लाल तथा पुत्रवधू कुसुम को मनमानी करने व बात ना मानने,समझाने पर तथा वाद विवाद कारित करने पर अपनी चल व अंचल संपत्ति से बेदखल कर दोनों से हमेशा हमेशा के लिए सभी रिश्ते नाते खत्म कर लिए, जो भविष्य में अपने द्वारा किए गए कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

**रामचरण लाल पुत्र मंगली लाल निवासी तपेड़ा नानकमत्ता, थाना नानकमत्ता, जिला उधम सिंह नगर**

### एक नजर

## आगामी सेवा पखवाड़े को लेकर की गई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग में भाजपा कंजाबाग मंडल द्वारा मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत चलने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष महेश राणा ने अध्यक्षता की व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा के द्वारा संचालन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला मंत्री रमेश जोशी मौजूद रहे। इस अवसर पर भुवन जोशी, विमला बिष्ट, आनंद सामंत, शशांक वर्मा, सूरज धामी, मनोज, हरीश वर्मा, अनीता ज्याला, बबीता जोशी, करन भट्ट, विक्की अंसारी, प्रकाश जोशी, प्रकाश शर्मा तथा आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में छात्रों द्वारा लंबित शैक्षणिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक अनोखा एवं प्रतीकात्मक प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से शासन-प्रशासन की नजर उतारने की रस्म से हुई।

छात्रों का कहना था कि यह केवल परंपरा का निर्वाहन नहीं, बल्कि इस शिक्षा संघर्ष को शासन प्रसासन तक पहुंचाने का प्रतीकात्मक प्रयास है। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, क्षेत्रवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्रों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि वे समाधान तक संगठित, शांतिपूर्ण और रचनात्मक आंदोलन जारी रखेंगे। यह आंदोलन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष देवीधुरा देवेंद्र भट्ट एवं पूर्व जिला संयोजक चंपावत सुदीप चम्याल के नेतृत्व में हो रहा है। छात्र नेताओं ने इस अवसर पर कहा हमारी मांगें केवल महाविद्यालय की नहीं, पूरे क्षेत्र के शिक्षा भविष्य से जुड़ी हैं। यह मानव श्रृंखला हमारे अटल संकल्प की प्रतीक है। जब तक समाधान नहीं मिलेगा, इहमारा संघर्ष चलता रहेगा, और यह आंदोलन शिक्षा का उत्सव बनकर पूरे क्षेत्र को जागृत करेगा।

## कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के आदेश अनुसार जसपुर पुलिस द्वारा 13 लीटर कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्रा द्वारा जनपद में नशे व अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिए गये आदेश के क्रम में व पुलिस अधीक्षक काशीपुर व पुलिस उपाधीक्षक काशीपुर के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक जसपुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष देवरानी द्वारा मय पुलिस टीम ने अभियुक्त योगराज सिंह पुत्र स्व. तेजपाल सिह निवासी रायपुर पट्टी पट्टी दिल्ला थाना जसपुर जनपद उधमसिंहनगर को 13 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना जसपुर में आबकारी अधिनियम के अभियोग पंजीकृत किये गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. संतोष देवरानी, हे.का. मनोज रावत, का. अशोक सिह आदि शामिल रहे।

## पूर्ति निरीक्षक का हुआ तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उधम सिंह नगर द्वारा तत्काल प्रभाव से पूर्ति निरीक्षक सुश्री मीनाक्षी रावत को पूर्ति निरीक्षक जसपुर के पद से मुक्त करते हुए जिला मुख्यालय सम्बद्ध कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार राशन डीलरों और क्षेत्रीय नागरिकों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके अपने कार्य स्थल पर देर से पहुंचने की शिकायते लगातार मिल रही थी। क्योंकि अब राशन का वितरण पूरे प्रदेश में मशीनों द्वारा किया जा रहा है। कई स्थानों पर मशीनों में तकनीकी खराबी आने पर राशन डीलर पहुंचे तो जसपुर पूर्ति कार्यालय निरीक्षक मीनाक्षी रावत दोपहर 12:00 बजे तक भी अपने कार्यालय नहीं पहुंची, ना ही किसी प्रकार की छुट्टी की सूचना दी गई। जब इस बात सहायक आपूर्ति निरीक्षक मुकुल गर्जोला से जानकारी चाही तो वो कुछ भी कहने से बचते नजर आए मीडिया को जानकारी होने पर पत्रकार मौके पर पहुंचे तब उन्होंने मैडम की गाड़ी खराब होने की बात कही। उधर कार्यालय में राशन वितरण प्रणाली की कांटा मशीन खराब होने से राशन डीलर परेशान रहे तो वहीं राशन उपभोक्ता खासे परेशान नजर आए । मीडिया कर्मियों/पत्रकारों द्वारा इस खबर प्रमुखता से प्रकाशित/न्यूज चैनल पर प्रसारित किया गया। खोजी पत्रकार प्रदीप श्रीवास्तव की मीडिया खबर का संज्ञान लेते हुए जिलापूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी ने तत्काल प्रभाव से उनको जिला मुख्यालय सम्बंध कर तत्काल प्रभाव से अपना सेवा योगदान देने के निर्देश दिए हैं।

## सेवा पखवाड़े के तहत एक कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी रामनगर नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल ने भागेदारी की। उन्होंने



सेवा पखवाड़े के उद्देश्य और उसकी प्रभावी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और आगामी कार्य को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। कार्यशाला में सेवा पखवाड़े को सफल बनाने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया।भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर सेवा भावना से जुड़े कार्य करने का आह्वान किया। इसके साथ ही, आम जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और स्थानीय स्तर पर सामाजिक सुधार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल सेवा पखवाड़े को सफल बनाना था, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और समर्पण की भावना को और अधिक मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं ने इस दिशा में एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगीरथ लाल चौधरी, गणेश रावत,भूपेंद्र सिंह खाती, नवीन करगेती, अशोक गुप्ता, अजीज खान, मोहम्मद आदिल,अंजना सुंदरियाल,अजय पाल,डॉक्टर तनवीर अख्तर,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट,डॉक्टर सुरेश राजपूत, जिकरान कुरैशी,नीमा मठपाल,राजू रावत, दीपक शर्मा,रामभरोसे लाल, दीप्ती रावत आदि मौजूद रहे।

# देश में खेल के प्रति अच्छा माहौलः बृजभूषण शरण

## तलवारबाजी में हरियाणा ओवरऑल चैंपियन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के मानसखंड हाल में आयोजित 20वीं कैडेट राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में हरयाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल के बदौलत हरियाणा ने बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में ओवरआल चैंपियन का खिताब पर कब्ज़ा जमाया। बालिका वर्ग में चंडीगढ़ दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर रहे, जबकि बालक वर्ग में मणिपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव राजीव मेहता ने उन्हें नटराज की प्रतिमा और शाल भेंट कर सम्मानित किया। अंतिम इपी टीम इवेंट में बालक वर्ग में हरियाणा की टीम में जीतेश, अश्विन, सक्षम और आर्यन ने स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर की टीम रजत और उत्तर प्रदेश की टीम कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बालिका वर्ग में हरियाणा की खुशी, अंशिका राना, आंचल सिहाग और पवनी सिहाग ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चंडीगढ़ की टीम रजत और महाराष्ट्र की टीम कांस्य पदक पर रही। इस जीत के साथ हरियाणा ने दोनों वर्गों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है। इस बीच मीडिया से बात करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत सरकार के खेल मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं, जिसके चलते देश में खेल के प्रति अच्छा माहौल बन रहा है। पहले काफी गंदगी हो गई थी। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि खेल की अपनी एक अलग दुनिया होती है। खेल भावनाओं से नहीं बल्कि नियमों से खेले जाते हैं। खेलों में जाति या भाषा के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता। इस बीच उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति पर टिप्पणी करते हुए कहा उन्हें भी करार दिया। इस दौरान फेंसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी राजीव मेहता, विधायक सरिता आर्य, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी समेत खिलाड़ी मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 1420 मामलों का निस्तारण, 2.89 करोड़ की समझौता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1420 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें रुपये 2,89,10,817 की समझौता धनराशि तय की गई। यह आयोजन जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल हरीश कुमार गोयल के नेतृत्व में मुख्यालय नैनीताल तथा बाह्य न्यायालय हल्द्वानी और रामनगर में संपन्न हुआ। नैनीताल न्यायालय में संजीव कुमार प्रथम अपर जिला न्यायाधीश और अधिवक्ता हरीश चंद्र भट्ट की पीठ द्वारा 44 मामलों का निस्तारण कर रुपये 1,72,000 की समझौता राशि तय की गई। सुशील तोमर परिवार न्यायालय के न्यायाधीश और अधिवक्ता प्रमोद कुमार की पीठ द्वारा 15 पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश और अधिवक्ता हरेन्द्र सिंह की पीठ द्वारा 170 मामलों का निस्तारण कर रुपये 1,72,000 की राशि पर समझौता कराया गया।

सिविल जज सीडी हर्ष यादव और अधिवक्ता तरुण कुमार की पीठ द्वारा 125 मामलों का निस्तारण कर रुपये 1,66,000 की समझौता राशि तय की गई। सिविल जज जूडि रूचिका और अधिवक्ता उमेश चंद्र की पीठ द्वारा 145 मामलों में रुपये 32,83,040 तथा 26 प्री लिटिगेशन मामलों में रुपये 16,36,373 की समझौता राशि तय की गई। हल्द्वानी न्यायालय में सविता चमोली द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश और अधिवक्ता पंकज सिंह की पीठ द्वारा 19 मामलों का निस्तारण कर रुपये 1,42,85,742 की सबसे अधिक समझौता राशि तय की गई। परिवार न्यायालय के न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह और अधिवक्ता हेमलता जोशी की पीठ द्वारा 53 पारिवारिक मामलों का समाधान किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी शर्मा और अधिवक्ता मो. आरिफ सिद्दीकी की पीठ द्वारा 138 मामलों में रुपये 34,32,278 की राशि तय की गई। सिविल जज जूडि रवि अरोरा और अधिवक्ता गुलशन जहां की पीठ द्वारा 104 मामलों में रुपये 11,66,406 की राशि पर सहमति बनी। प्रथम अपर सिविल जज जूडि आदर्श त्रिपाठी और अधिवक्ता रूचिका बिष्ट की पीठ द्वारा 117 मामलों में रुपये 29,15,303 तथा 187 प्री लिटिगेशन मामलों में रुपये 56,000 की राशि तय की गई। रामनगर न्यायालय में अपर जिला जज उदय प्रताप सिंह और अधिवक्ता राशिद खान की पीठ द्वारा 2 मामलों का निस्तारण कर रुपये 2,45,000 की राशि तय की गई। सिविल जज जूडि मीनाक्षी दूबे और अधिवक्ता अश्विनी लटवाल की पीठ द्वारा 63 मामलों में रुपये 56,000 की समझौता राशि तय की गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजू और अधिवक्ता विनोद कुमार की पीठ द्वारा 101 मामलों में रुपये 4,13,000 तथा 14 प्री लिटिगेशन मामलों में रुपये 18,94,681 की राशि तय की गई। वहीं, जिले में 354 राजस्व संबंधित मामलों और 33 फौजदारी मामलों का निस्तारण कर रुपये 2,72,000 की समझौता धनराशि तय की गई।

## हर आपदा में धामी का चमत्कारिक नेतृत्व सराहनीयः भट्ट

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि मीडिया ग्रुप के सर्वे में सीएम पुष्कर धामी को पहली रैंकिंग मिलने को राज्य के लिए गौरव का विषय और जमीनी हकीकत बताया। भट्ट ने कहा कि जोशीमठ आपदा से लेकर सिलक्यारा अथवा हाल ही मे राज्य मे आये धराली या थराली आपदा मे सीएम धामी ने सुव्यवस्थित और कम समय मे रेस्क्यू अभियान की अगुवाई की है। आपदा से पहले प्रबंधन और अग्रिम पंक्ति मे रहकर वह हर चुनौतियों से निपटने मे अब तक साबित करते रहे हैं। इसके अलावा उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा जनहित मे कई निर्णय देश भर मे मिशाल के तौर पर देखे गए है।

# सेवा पखवाड़ाः भाजपा ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत नैनीताल जिले के धारी में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखय वक्ता के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और सेवा पखवाड़ा समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की योजनाओं और संवेदनाओं को पहुँचाने का संकल्प है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सदैव जनसेवा ही ईश्वर सेवा की भावना को जीवन में आत्मसात किया है, यह पखवाड़ा प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक अवसर है कि वह समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा भाव से पहुँचे पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान रक्तदान शिविर स्वास्थ्य जांच शिविर तथा विभिन्न जनसेवी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा कार्यों में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ जुड़ें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कृष्णा चंद्र, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट समेत राजेंद्र प्रसाद, दीपा बिष्ट, संजय बिष्ट, विवेक डंगवाल, प्रकाश चंद्र, नानू, प्रमोद बेलवाल, दिनेश बिष्ट, गौरव बिष्ट, वीरेंद्र सिंह, गंगा सिंह, पूरन मिश्रा, प्रकाश मेलकानी, आन सिंह, दीपू कोरंगा, पान सिंह, भवान सिंह तथा मोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### डीएसबी परिसर में विशेष सफाई अभियान

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में शनिवार को एनएसएस के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। बता दें सफाई अभियान में एनएसएस के विद्यार्थियों के अतिरिक्त समन्वयक डा. शशि पांडे समेत डा. जितेंद्र कुमार लोहनी, डा. मनोज बाफिला तथा डा. हिमानी जलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनएसएस की विश्वविद्यालय कॉर्डिनेटर डा. शिवांगी चनियाल भी उपस्थित रही।

### सोनू सहदेव बने प्रदेश संयुक्त सचिव



**नैनीताल।** नैनीताल नगर निकाय में देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल में महासचिव पद पर 9 बार लगातार विजयी होते आ रहे सोनू सहदेव को उनके द्वारा अच्छी कार्यशैली एवं कर्मचारी हितों में पूर्ण निष्ठा से कार्य किए जा रहे हैं। अब इनके इस कर्तव्यनिष्ठा से इन्हें प्रदेश संयुक्त सचिव के पद पर प्रदेश अध्यक्ष/महासचिव द्वारा प्रदेश की कमान भी संभालने को दी गई है। दूसरी ओर प्रदेश कार्यकारिणी ने सोनू सहदेव पर विश्वास जताया है कि वह कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करते रहते हैं, उसी तरह प्रदेश में भी अपने पद का मान रखते हुए कार्य करेंगे।

### अज्ञात पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी वीरेंद्र ने शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसको किसी अज्ञात की ओर से बार बार काल आ रही है। उक्त व्यक्ति उसके जाथ अभद्रता व जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

### लिंक पर क्लिंक करते ही पौने तीन लाख की ठगी

**नैनीताल।** नैनीताल के दुरुस्त क्षेत्र में युवक के लिंक में क्लिक करते ही पौने तीन लाख रुपये की चपत लग गई। युवक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी नंदकिशोर रामगढ़ में रहकर काम करता है। बीते 7 अगस्त को उसके व्हाट्सएप में आये हुए एक लिंक में क्लिक किया। क्लिक करते ही उसका मोबाइल बंद हो गया और सिम ने काम करना भी छोड़ दिया। मोबाइल खुलने के बाद सिम ने काम करना छोड़ दिया। जिसको खुलवाने के लिए वह शनिवार को नैनीताल पोस्ट ऑफिस आया। सिम खुलने के बाद उसको मैसेज से पता चला कि उसके अकाउंट से 2 लाख 75 हजार रुपये कट गए। उसने अकाउंट में बचे शेष 30 हजार निकाल लिए साथ ही कोतवाली में शिकायत लेकर पहुँचा। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले में शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है।

### रेस्टोरेंट में शराबियों ने पानी की लाइन तोड़ी

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित गाड़ी पड़ाव क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर अराजक तत्वों ने पानी की लाइन तोड़ दी। जिससे नीचे रेस्टोरेंट में पानी आने से रखा सामान खराब हो गया। मल्लीताल निवासी सुरेश मेलकानी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि शुक्रवार की रात गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के बाहर अराजक तत्वों की ओर से शराब के नशे में हंगामा किया गया। इस दौरान अराजक तत्वों ने पानी की लाइन तोड़ दी। जिससे उनके रेस्टोरेंट में पानी आने से उनका सामान खराब हो गया है। लेकिन रेस्टोरेंट स्वामी की ओर से पानी की लाइन ठीक नहीं की जा रही है।

### धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने एक व्यक्ति पर आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। पदाधिकारियों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। गुरु सिंग सभा के सचिव अमनप्रीत सिंह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि एक युवक सिख वेशभूषा में घूम रहा है। पूछने पर धर्म परिवर्तन कर सिख होने की बात कर रहा है लेकिन सोशल मीडिया में अलग अलग वीडियो में वह अलग अलग धर्मों के आयोजनों में अलग वेसभूषा धारण कर लेता है। उन्होंने ऑपरेशन कालनेमि के तहत कार्रवाई की मांग की है।

### प्रो. कमल सीपीआरजी की सलाहकार समिति में

**नैनीताल।** शिक्षाविद् प्रो. कमल कुमार पांडे को नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस (सीपीआरजी) की सलाहकार समिति में शामिल किया गया है। बता दें प्रो. पांडे कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व रजिस्ट्रार और उच्च शिक्षा के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। मंडी हाउस नई दिल्ली में स्थित सीपीआरजी शिक्षा व सामाजिक नीति तथा अर्थव्यवस्था व पर्यावरण, सुशासन, क्षेत्रीय विकास तथा सुरक्षा व विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में गहन शोध और नीति निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह संस्था विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करती है साथ ही युवाओं को नीति निर्माण और शासन में कैरियर बनाने के लिए प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करती है। प्रो. पांडे कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के रसायन विज्ञान के एलुमनी भी हैं। उनकी नियुक्ति पर एलुमनी सेल के अध्यक्ष डा. बीएस कालाकोटी तथा महासचिव प्रो. ललित तिवारी सहित कूटा महासचिव डा. विजय कुमार समेत कूटा परिवार ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

# व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में शनिवार को व्यापार चौपाल का आयोजन रामपुर रोड स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुनील सिंधी तथा विशिष्ट अतिथि सांसद अजय भट्ट व मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील सिंधी जी व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार ने सभी व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। संगठन के उत्तराखंड प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विदेशी प्रोडक्ट ने हमारे बाथरूम से लेकर किचन तक कब्जा किया हुआ है। यह विदेशी कंपनियां हमें कोलगेट से लेकर नमक तक बेचती है। ऐसा नहीं है कि हम अपने देश में इन वस्तुओं का उत्पादन नहीं कर रहे हैं, लेकिन आज पश्चिमी सभ्यता की वजह से भारत जैसे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था विदेशी उत्पादों में निर्भर हो चुकी है, जिससे हमारे घरेलू उद्योग और उत्पाद नष्ट होते चले जा रहे हैं। देश अपनी ज़रूरतों की वस्तुएं स्वयं बनाए, उनका स्वयं इस्तेमाल करे और उत्पादन व आपूर्ति में आत्मनिर्भर बने। मुख्य अतिथि सुनील सिंधी ने सभी व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। सांसद अजय भट्ट ने व्यापारियों के साथ जीएसटी सुधार एवं उससे जुड़े विषयों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जीवन सिंह कार्की ने की। उन्होंने कहा कि यह चौपाल व्यापारियों की एकता, संगठन और हर घर स्वदेशी के संकल्प का प्रतीक बनी। कार्यक्रम में जीवन सिंह कार्की, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, विजय बिष्ट, मोहम्मद हसीन अंसारी, रामबाबू जायसवाल, नीरज प्रभात गर्ग, अवध बिहारी शर्मा, अजय डंगवाल, गोपाल भट्ट, गोपाल नेगी, अनुज वर्मा, पवन जोशी, पवन दुबे, भूपेश बिष्ट, प्रमोद अग्निहोत्री, जिला संगठन महामंत्री राघवेंद्र चौहान, पंकज जोशी, चित्रेश जायसवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।



अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की चौपाल

# ताल चैनल में देश विरोधी स्लोगन प्रसारण मामले में मुकदमा

**नैनीताल।** श्री मां नंदा देवी महोत्सव कार्यक्रम के प्रसारण के बीच ताल चैनल की स्क्रीन पर देश विरोधी स्लोगन लिखे जाने के मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर दिया है। मामले में पुलिस की ओर से जांच की जा रही है। बता दें कि नैनीताल के ताल चैनल में शाम को नंदा देवी महोत्सव कार्यक्रम के संचालन के दौरान देश विरोधी स्लोगन लिखे दिखाई दिए थे। जिससे शहर में हंडकंप मच गया था। सूचना मिलते ही संचालक मारूति नंदन साह की ओर से चैनल बंद कर प्रसारण रोक दिया गया था। जिसके बाद पुलिस को भी सूचित कर दिया था। सोशल मीडिया में सूचना फैलने के बाद मामला चर्चा का विषय बना रहा था। चैनल के प्रबंध निदेशक मारूति नंदन साह ने कहा कि उनके ताल चैनल की स्क्रीन देश विरोधी पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा आ गया। सूचना मिलने के बाद उन्होंने चैनल को बंद कर सभी प्रसारण रोक दिए थे। जांच के बाद पता चला कि उनके चैनल को आईपी एड्रेस के जरिए हैक कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि चैनल में सेफ्टी फीचर्स डालकर डेढ़ दिन के बाद दोबारा चैनल को चलाकर कार्यक्रमों का प्रसारण कर दिया गया था साथ ही बीते सोमवार को थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि चैनल के हैक होने का मामला सामने आया था। शिकायत के आधार पर मामले में सूचना प्रोधोगिकी संसोधन की धारा 66 व बीएनएस की धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सम्राट, प्रताप, सक्षम सबसे अच्छे वक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल की ओर से शनिवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस में स्कूल के बच्चों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। परिषद की ओर से प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित करायी गयी जिसमें कनिष्ठ वर्ग का विषय कया हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं से अधिक महत्वपूर्ण है जबकि वरिष्ठ वर्ग का विषय कया हिंदी भारत की एकमात्र आधिकारिक भाषा होनी चाहिए था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल रही जबकि निर्णायकों की भूमिका में प्रो. उमा भट्ट समेत बृज मोहन जोशी तथा मदन सिंह मेहरा रहे। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्र सम्राट प्रताप सिंह राणा जबकि द्वितीय स्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्रा वर्णित पांडे जबकि तृतीय स्थान पार्वती सरस्वती विहार मंदिर की भूमिका गंगोला ने प्राप्त किया जबकि सांत्वना पुरस्कार के हकदार सनवाल स्कूल के शिवांग कपिल रहे। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में प्रथम सक्षम शर्मा पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, द्वितीय स्थान अवंतिका नेगी मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर जबकि तृतीय वनिता पांडे सनवाल स्कूल नैनीताल रही जबकि सांत्वना पुरस्कार कुमारी दीक्षा जोशी मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर नैनीताल को मिला। इस मौके पर हिंदी दिवस पर निर्णायक मंडल ने अपने विचारों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर कहा कि सभी बच्चों ने बहुत अच्छा बोला। कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही बहुत बड़ी बात होती है तथा संस्था के सभी सदस्यों को साधुवाद दिया और उनके प्रशंसा की। संचालन रेखा त्रिवेदी तथा मंजू कोटलिया ने किया। कार्यक्रम में परिषद की ओर से गीता पांडे, नंदिनी पन्त, रेखा पन्त, प्रीति शर्मा, मंजू कोटलिया, रेखा त्रिवेदी, दया पन्त, सरस्वती, मीनू बुधलाकोटी, अमिता साह इत्यादि उपस्थित रही। अंत में परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीडीहाट के शिक्षाविद् तारादत्त गुरुरानी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के डीडीहाट क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले पूर्व प्रधानाचार्य तारा दत्त गुरुरानी का दाह संस्कार थल रामगंगा नदी के तट पर उनके पुत्र व वरिष्ठ कर्मचारी नेता तथा राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा मुखाग्नि देकर किया। बता दें कि तारा दत्त गुरुरानी ने वर्ष 1970 से डीडीहाट के इंटर कॉलेज में अध्यापक के रूप में कार्य करते हुए विगत 55 वर्षों से छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी। इतने लंबे समय से डीडीहाट क्षेत्र में शिक्षा दी। उन्होंने डीडीहाट में तीन पीढ़ियों को पढ़ाए जो एक रिकॉर्ड है। विगत 35 वर्षों से डीडीहाट में रामलीला में वक्ता मैनेजर के रूप में कार्य किया। आपातकाल में सरस्वती शिशु मंदिर में भी अपनी सेवाएं दी। डीडीहाट क्षेत्र में गुरुरानी मास्टर साहब के नाम से प्रसिद्ध रहे। कई छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दान किया। आज उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनकी मृत्यु से डीडीहाट क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पुत्र समेत पुत्री व नाती-नातिन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी मृत्यु पर क्षेत्र की जनता के साथ-साथ विधायक बिशन सिंह चुफाल, क्षेत्र प्रमुख नरेंद्र धामी, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश चुफाल, जिला पंचायत सदस्य कमला चुफाल समेत राजेंद्र चुफाल, नंदन सिंह चुफाल व सुनील शाह, अर्जुन कन्याल, प्रदीप कन्याल, निरंजन चुफाल, जगदीश कन्याल ने शोक प्रकट किया है।

# नैन्सी कॉलेज में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विश्व प्राथमिक उपचार दिवस के अवसर पर शनिवार को नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ मिलकर विवेकानंद हॉस्पिटल हल्द्वानी में एक विशेष स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। कालेज प्रबंधन के मुताबिक इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को प्राथमिक उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना और यह समझाना था कि आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगों, मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न चार्ट्स तथा पोस्टर्स तथा ऑडियो वीजुअल साधनों की मदद से प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रक्तस्राव व हड्डी टूटने व जलने की स्थिति व बेहोशी समेत गला घुटना तथा सीपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल भाषा में समझाया और उनकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया। जनता ने इस कार्यक्रम में गहरी रुचि दिखाई और विद्यार्थियों से कई प्रश्न भी पूछे। संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और सुनिश्चित किया कि प्रस्तुत की गई जानकारी वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हो तथा लोगों के लिए व्यवहारिक रूप से उपयोगी सिद्ध हो। यह कार्यक्रम न केवल समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का साधन बनाए बल्कि विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा में प्रत्यक्ष अनुभव एवं आत्मविश्वास भी प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन अस्पताल प्रबंधन को मंच मुहैया कराने हेतु आभार व्यक्त करते हुए तथा संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन की सराहना के साथ किया गया। विश्व प्राथमिक उपचार दिवस के अवसर पर विवेकानंद हॉस्पिटल हल्द्वानी में आयोजित यह कार्यक्रम समाज की भलाई के लिए एक सार्थक कदम साबित हुआ।



## आज दौड़ेंगे 1500 धावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रविवार (आज) मानसून मैराथन का विशेष आयोजन होगा। आयोजक संस्था रन टू लिव की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में इस बार देश विदेश के करीब 1500 धावक हिस्सा लेंगे। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में केन्या और नाइजीरिया सहित विदेशी धावक भी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। रन टू लिव के संस्थापक व पूर्व अंतरराष्ट्रीय धावक हरीश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए कुल 3.67 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। मैराथन का शुभारंभ सुबह 7 बजे डीएसए मैदान से होगा। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक नैनीताल में ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। विभिन्न वर्गो में होने वाली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार द्वितीय 25 हजार तृतीय 15 हजार, चतुर्थ 7 हजार 500 तथा पांचवां 5 हजार छठे से दसवें स्थान तक 1-1 हजार रुपएं का पुरस्कार रखे हैं।

# 'मन' ही छुटकारा दिला सकता है ड्रग्स की लत से

## कुविवि के भीमताल परिसर में सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के सर जेसी बोस परिसर भीमताल में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु पीएम उषा की मेरु योजना के तहत संपूर्ण स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिवस यानी शनिवार को सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डा. युवराज पंत ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य को ही ड्रग एडिक्शन से बचने का आधार बताया। कार्यशाला की आयोजक सचिव प्रो. अर्चना नेगी साह ने बताया कि भारत सरकार की पीएम ऊषा योजना के अंतर्गत मेरु योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को स्वीकृत परियोजना के अनुदान से फार्मेसी विभाग के संयोजन में भीमताल परिसर स्थित विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों हेतु कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला के द्वितीय दिवस यानी शनिवार में आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में हल्द्वानी के सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डा. युवराज पंत ने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य की सुदृढ़ता को अध्ययन और सामाजिक दवाबों से दूर हेतु प्रमुख बताते हुए इस हेतु आवश्यक तरीकों पर विस्तृत प्रकाश डाला। डा. पंत ने अपने द्वितीय व्याख्यान में विद्यार्थियों को वर्तमान में युवाओं को ड्रग्स एडिक्शन के विरुद्ध मजबूत मनस्थिति निर्माण प्रक्रिया का विवरण दिया। अन्य तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए एमबी डिग्री कॉलेज हल्द्वानी के योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. एचसी पाठक ने स्ट्रेस मैनेजमेंट हेतु योगा और मेडिटेशन की प्रक्रिया और महत्व बताया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु संयोजक प्रो. लता पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों को कार्यशाला के उद्देश्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहसंयोजक प्रो. अमित जोशी, आयोजक सचिव प्रो. अर्चना नेगी साह, परिसर की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे, फार्मेसी विभाग की प्रो. अनीता सिंह, बायमेडिकल डीन डा. महेंद्र सिंह राणा समेत डा. तीरथ कुमार, डा. राजेश्वर कमल कांत, डा. नरेंद्र कुमार, डा. अरविंद जंतवाल, कोमल चंद्रा, नरेश पंत, चंद्रकांता, डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, रितिका अरोरा, अदिति रौतेला, अनीता खोलिया, पुष्कर ढैला, विनोद कुमार, सुनील कुमार, ललित उपाध्याय, संतोष बुधलाकोटी, श्रीमती पुष्पा, संजय रजवार, गुंजन बिष्ट, अर्पित जोशी, रीतिका रावत सहित 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



# सोनू और गीता अध्यक्ष निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर दो राजकीय कन्या हाई स्कूल में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सोनू कार्की को पीटीए अध्यक्ष एवं गीता कोरंगा को विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष चुना गया। अभिभावक संघ की कार्यकारिणी में प्रधानाचार्य बृजेश गुप्ता उपाध्यक्ष, प्रेमा बोहरा सचिव व दीपा चौहान कोषाध्यक्ष चुनी गयीं। वहीं विद्यालय प्रबंध समिति में दीपा देवी उपाध्यक्ष तथा प्रधानाचार्या बृजेश गुप्ता पदेन सचिव चुनी गयीं। बैठक में विगत वर्ष की कार्यवाही पढ़ी गई और विद्यालय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय विकास में हरसंभव सहयोग का विद्यालय परिवार को आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, प्रधान कविता तिवारी, जगदीश कांडपाल, ईश्वर सिंह दानू, नारायण सिंह कोरंगा, जीआईसी शांतिपुरी के पीटीए अध्यक्ष मोहनसिंह कोरंगा, ललित बिष्ट, बिशन सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मीनाक्षी, जैस्मीन और नूपुर फाइनल में

**लिवरपूल, वार्ता।** जैस्मीन (57 किग्रा) ने वेनेजुएला की ओमैलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5-0 से हराकर लिवरपूल में 2025 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गईं हैं। जैस्मीन के बाद नूपुर (80 किग्रा) ने तुर्की की दुजतास सेयमा को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की कामयाबी के बाद मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मंगोलिया की लुत्सैखान को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### महाराज ग्रोइन चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैचों से बाहर

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को घोषणा की। महाराज को ग्रोइन में चोट लगी है। 30 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, जिन्होंने आखिरी बार सितम्बर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था, को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### साल्ट के विस्फोटक 141 रन, इंग्लैंड की रिकॉर्ड जीत

**मैनचेस्टर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड का मुकाबला रिकॉर्ड तोड़ने वाले तमाशे में बदल गया, जहां बाउंड्रीज की बरसात हुई, कई यादगार पल टूटे और इतिहास की किताबें पल-पल बदलती रहीं। मेजबान टीम ने शुक्रवार रात 304/2 का स्कोर बनाया, जो पुरुषों के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा बनाया गया।

● दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय लिखा जाएगा आज ●

# भारत-पाक के बीच आज होगा महासंग्राम

**दुबई, वार्ता।** भारत-पाक मैच में कुछ खास होता है। दिन भर उत्सुकता धीरे-धीरे बढ़ती है, और जब तक खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तब तक माहौल उम्मीदों से भर जाता है।

रविवार शाम, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, प्रशंसक इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय देखेंगे, और यह मुकाबला कौशल और साहस दोनों से ही गढ़ा हुआ होने का वादा करता है। भारत के लिए, ध्यान उनकी गेंदबाजी पर होगा। कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज के रूप में परिपक्व हो गए हैं जिनके पास असाधारण नियंत्रण और विविधता है। यूएई के खिलाफ उनका स्पैल इस बात की याद दिलाता है कि धैर्य के साथ कलाई की स्पिन कितनी प्रभावी हो सकती है। वरुण चक्रवर्ती बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की पहेलियां लेकर आते हैं, और अक्षर पटेल की निरंतर सटीकता उनकी चतुराई का पूरक है। दूसरी तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, एक ऐसा गेंदबाज जो पारी के हर चरण में अपने कप्तान को विकल्प देता है-नई गेंद से, बीच के ओवरों में, और आखिरी क्षणों में जब दबाव में स्पष्टता की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

भारत की बल्लेबाजी भी कम आशाजनक नहीं है। युवा अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बढ़त हासिल करने की क्षमता दिखाई है, जबकि शुभमन गिल का शांत स्वभाव दूसरे छोर पर आश्वस्त करने वाला है। सूर्यकुमार यादव अपने स्ट्रोक्स की विविधता के साथ एक बार फिर टीम की धुरी होंगे, जिनका साथ तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल देंगे। यह एक ऐसा लाइनअप है जो परिस्थिति के अनुसार




ढल सकता है, चाहे इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत हो या अचानक तेजी की। पाकिस्तान अपनी ताकतें लेकर आएगा। फखर जमान में बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, और सैम अयूब का क्रीज पर संतुलन उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। मोहम्मद हारिस मध्यक्रम में एक ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद भारत की प्रगति को धीमा करने में सक्षम हैं, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ गति और लस्वग से खतरनाक बने हुए हैं। दुबई की पिच अक्सर उन लोगों को फायदा पहुंचाती है जो इसे समझने में समय लगाते हैं। शुरुआत में, गेंद तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी हिल सकती है, लेकिन एक बार सतह स्थिर हो जाने पर, स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। अगर स्पिनर अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें अपने काम में मजा आएगा, और हमेशा की तरह, ओस की संभावना कप्तानों को पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सावधानी से सोचने पर मजबूर करेगी। इन दोनों टीमों के बीच मैच शायद ही कभी सीधे होते हैं। एक पल की चमक या एकाग्रता की कमी खेल की दिशा बदल सकती है। अपनी गेंदबाजी में अनुभव और विविधता के साथ, भारत थोड़ी बढ़त के साथ शुरुआत करता है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में, और खासकर इस मुकाबले में, भविष्यवाणियां हमेशा अनिश्चित होती हैं। प्रशंसक इस बात को लेकर निलश्चत हो सकते हैं कि कल की शाम उन्हें उस खेल का आनंद लेने का एक और कारण देगी जिसे वे सभी पसंद करते हैं, जो कौशल, तीव्रता और आपसी सम्मान के साथ खेला जाता है।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेविन:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दुबे, पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप, बुमराह, वरुण

**पाक की संभावित प्लेइंग इलेविन:**-सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ/सुफियान मुकीम, अबरार अहमद



## स्वर्ण पदक से एक जीत दूर सात्विक-चिराग

हांगकांग, वार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ली-निंग हांगकांग ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जो इस साल का उनका पहला फाइनल है। स्मैश ब्रदर्स की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन लबग-वेई को केवल 38 मिनट में 21-17, 21-15 से हरा दिया। भारत की दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता जोड़ी अब फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से भिड़ेगी। भारतीय जोड़ी अब स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर रह गयी है।

## नई पीढ़ी के सामने पुराना रोमांच पैदा करने की चुनौती

**● दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान पर उतरेंगी, पिछले कुछ सालों में भारत ने पाक पर अपना दबदबा बना रखा है**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा मैच भारत बनाम पाकिस्तान आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की है।

भारत ने अपने पहले मैच में यूएई टीम को 9 विकेट से हराया है तो पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में ओमान टीम के खिलाफ 93 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान में उतरेंगी। पुराने दिग्गज जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा पाकिस्तान के तरफ से बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान इस बार खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा हाई वोल्टेज मुकाबले देखने को मिले है लेकिन पिछले कुछ सालों में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर दबदबा बनाए रखा है। यह दोनों टीमें इस साल चैंपियन ट्रॉफी के बाद फिर से आमने-सामने होगी। दोनों टीमों की कोशिश टूर्नामेंट में अपनी दूसरी दर्ज करने के ऊपर रहेगी। भारत बनाम पाकिस्तान के बीच खेले गए पिछले 10 मैचों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर अपना दबदबा कायम रखते हुए 7 मैच जीते हैं।

### इन पर रहेंगी नजरें

अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में दिखाया था कि वह किस कदर की आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। अभिषेक के आने से भारतीय टीम के प्रदर्शन में और भी अधिक सुधार आया है। वह टीम के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के नए तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पर भी नजरें होंगी।

शुरुआती कुछ मैचों में ही उन्होंने दिखाया है कि वह बेहद ही आक्रामक बल्लेबाजी करने का हुनर रखते हैं। बतौर विकेटकीपर भी वह टीम के लिए अहम योगदान देते दिखे हैं।

### मौसम और पिच रिपोर्ट

एशिया कप का यह हाई वोल्टेज मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैच में मौसम थोड़ा गर्म रह सकता है। तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है तथा ह्यूमिडिटी 61प्रतिशत तक रहेगी। इस मैच में बारिश होने की संभावना काफी कम है। कुल मिलाकर एक टी-20 मैच के लिए अच्छा वातावरण है। इस मैदान पर अभी तक खेले गए मैचों में पिच काफी संतुलित नजर आई है। स्पिनर्स ने इस पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच इसी मैदान पर खेला है, जिसमें कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए थे। पाकिस्तान टीम ने भी ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच दुबई मैदान पर ही खेला है। दोनों टीमों को पिच और मैदान के बारे में पर्याप्त जानकारी है। भारतीय टीम ने चैंपियन ट्रॉफी में भी अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेले थे जिससे टीम को इस मैच में फायदा मिल सकता है।

## पेरेज और डनफी ने टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

**● महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने 35 किमी. पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में स्पेन की एथलीट मारिया पेरेज ने 35 किलोमीटर पैदल चाल का अपना खिताब बरकरार रखा है तथा पुरुष वर्ग की इसी स्पर्धा में कनाडा के धावक इवान डनफी ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। 34 वर्षीय डनफी दौड़ के शुरुआती चरणों में धैर्यपूर्वक पीछा करने वाले समूह में बने रहे और 30 किलोमीटर के बाद मसातोरा कवानो और हयातो कात्सुकी की अग्रणी जापानी जोड़ी को पछाड़कर मेजबान टीम की नौ दिवसीय टूर्नामेंट में स्वर्णिम शुरुआत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जापान नेशनल स्टेडियम में हुई इस स्पर्धा में आखिरी लैप में यह कनाडाई धावक थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन जल्द ही उसने स्वयं को संभाला और आगे बढ़ता गया और दो घंटे, 28 मिनट और 22 सेकंड में फिनिश लाइन को पार किया। ब्राजील के कैओ बोनफिम ने भी जापानी जोड़ी को पीछे छोड़ते हुए 2:28:55 का समय लेकर रजत पदक जीता, उनके बाद एशियाई खेलों की चैंपियन कात्सुकी ने 2:29:16 का समय लेकर कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। इटली की एंटोनेला पाल्मिसानो, तीन मिनट से अधिक पीछे रहकर 2:42:24 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

## ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता सोना

**ईशा ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया**

**निंगबो, वार्ता।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेजबान चीन की पसंदीदा और फॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0-1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरुआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है। आगे की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि इस साल का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है।

हम उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि काहिरा में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। फाइनल के दौरान मानसिकता पर बात करते हुए ईशा बोलीं कि हां, मुझे पता था कि भारत को अब तक कोई पदक नहीं मिला है और मुकाबले में विश्व स्तरीय निशानेबाज हैं। लेकिन मैं इन खिलाड़ियों के खिलाफ कई बार फाइनल खेल चुकी हूं और अब मुझे विश्वास है कि पिस्टल मेरे हाथ में है और असली लड़ाई मेरी खुद के साथ है। इसलिए मैं मैच को ज्यादा से ज्यादा एंजॉय करने की कोशिश करती हूं। ईशा और रिदम सांगवान ने 578 अंक बनाकर महिलाओं की एयर पिस्टल फाइनल के अंतिम दो स्थान हासिल किए। याओ चियानसुन 584 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, केवल रैंकिंग अंक के लिए खेल रही एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक गुलिया ने शानदार 586 अंक बनाए, जो सभी से बेहतर था। भारत की तीसरी प्रतिभागी सुरभि राव 568 अंक बनाकर 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में ईशा और रिदम ने अच्छी शुरुआत की। पहले पांच शॉट के बाद रिदम शीर्ष पर थीं और ईशा दूसरे स्थान पर, जबकि हंगरी की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वेरोनिका मेजर पीछा कर रही थीं। दूसरी सीरीज के बाद ईशा 0-2 अंकों की बढ़त से शीर्ष पर आ गईं। रिदम पांचवें स्थान पर खिसक गईं और अंत तक उसी पर रहीं। सिंगल शॉट शुरू होने पर दबाव का असर ओलंपिक चैम्पियन ओ येजिन पर भी दिखा जब उन्होंने 11वें शॉट पर निचले 8 अंक लगाए। 12वें शॉट के बाद चीन की 19 वर्षीय ज़ेंग सबसे पहले बाहर हुईं। ईशा ने 13वें शॉट पर 10-8 का सटीक निशाना लगाया। रिदम ने भी 15वें शॉट पर 10-8 मारकर कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर चढ़ाई की, लेकिन 18वें शॉट तक पहुंचते-पहुंचते उनका अभियान समाप्त हो गया। अंतिम छह शॉट्स में ईशा 1-1 अंकों से आगे थीं, लेकिन 19वें शॉट के बाद याओ ने अंतर घटाकर 0-6 कर दिया। ईशा ने दबाव झेलते हुए लगातार दो 10-7 लगाए और अंत तक 0-1 अंक की नजदीकी बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 242-6 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा, पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में, भावेश शेखावत 575 अंकों के साथ 22वें स्थान पर रहे। उनके हमवतन प्रदीप सिंह शेखावत भी समान स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहे।



## नवनीत कौर ने 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की



**हांगझोऊ, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर को महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ सुपर 4 मैच में 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

नवनीत वर्तमान में चल रहे महिला एशिया कप 2025 में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 जूनियर महिला विश्व कप में जूनियर टीम को कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद 2014 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। तब से वह भारतीय महिला हॉकी टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर बड़े वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रमंडल खेलों में नवनीत ने बर्मिंघम में 2022 संस्करण में भाग लिया, जहां उन्होंने भारत को कांस्य पदक दिलाने में मदद की। वह एशियाई खेलों में टीम के यादगार अभियानों का भी हिस्सा थीं, जहां उन्होंने 2018 में जकार्ता-पालेमबांग में रजत पदक और 2022 में हांगझोऊ में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा नवनीत उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने काकामिगाहारा में 2017 महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक और बाद में मस्कट में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

## क्रिकेट के अलावा हमारे दिमाग में कुछ भी नहीं है: कोटक

**दुबई, वार्ता।** भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर हमेशा लोगों को ज्यादा ध्यान रहता है, लेकिन एशिया कप 2025 में इन दोनों देशों के मुकाबले से दो दिन पहले तक फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि बीसीसीआई और सरकार की अनुमति के बाद ही हम खिलाड़ी और कोच इस मुकाबले के लिए तैयार हैं। हम यहां खेलने के लिए आए हैं। यह एक टक्कर का मैच होगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा टक्कर का होता है। तो हम उसी पर फोकस करना चाहेंगे। शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र से पहले कोटक से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ मैचों का बहिष्कार करने की बातों के बीच सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देना मुश्किल होता है? भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक रिश्ते तनावपूर्ण हैं, जो हाल के महीनों में और बिगड़े हैं। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया था। कोटक ने कहा कि सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। जब हम खेलने आते हैं, मुझे लगता है कि खिलाड़ी सिर्फ क्रिकेट खेलने पर फोकस करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दिमाग में क्रिकेट के अलावा कुछ और होता है और हम भी उसी पर फोकस करते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा भारत के बल्लेबाजी क्रम का है और सवाल है कि संजू सैमसन 5 या 6 नंबर पर सफल हो पाएंगे या नहीं? कोटक ने साफ कर दिया कि ओपनर्स और नंबर 3 के बारे में साफ सोच है लेकिन बाकी बल्लेबाजी लचीली है और खिलाड़ी उसी हिसाब से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप हमारी बैटिंग लाइन-अप देखें तो हर कोई किसी भी नंबर पर जाकर मैच खत्म कर सकता है। हमारे पास चार-पांच आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रमुख कोच या कप्तान, स्थिति के हिसाब से भेजते हैं।

## हरभजन की बीसीसीआई प्रमुख की दौड़ में शामिल होने की अटकलें



**● हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रूचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही है**

**मुंबई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बाद अब स्पिनर हरभजन सिंह का नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष पद के लिए जोड़ा जा रहा है। तेंदुलकर पहले ही इस दौड़ में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं, लेकिन हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रुचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) द्वारा 45 वर्षीय पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को नामांकित किए जाने से इस ताजा चर्चा में कुछ दम नजर आ रहा है। नामांकन आधिकारिक रूप से दाखिल होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, क्योंकि केवल राज्य संघ द्वारा समर्थित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ने के पात्र हैं। हरभजन ने सभी प्रारूपों में 367 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है। सत्तारूढ़ भाजपा का बीसीसीआई के कामकाज पर काफी प्रभाव है और यह सरकार खेल संस्थाओं में शीर्ष पदों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के लिए जानी जाती है। गांगुली और रोजर बिन्नी, दोनों पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, सत्तारूढ़ पार्टी की खिलाड़ी-प्रथम नीति के कारण ही बीसीसीआई अध्यक्ष बने चुके है। हरभजन ने क्रिकबज के फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। उम्मीदवारों के इन पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सच्चाई सामने आ जाएंगी। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी एके जोति के अनुसार, नामांकन विंडो 20 और 21 सितम्बर तक खुली रहेगी और चुनाव 28 सितम्बर को होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होना है। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के हालिया रुझानों को देखते हुए मौजूदा अध्यक्ष देवजीत, प्रभतेज सिंह भाटिया व रोहन के क्रमशः सचिव, कोषाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर बने रहने की उम्मीद है।

## चमन लाल महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन

# एआई से नौकरियों पर कोई खतरा नहीं : डॉ. सिद्दीकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला में प्रोफेसर ताहा सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी नौकरी के लिए कोई खतरा नहीं है, बशर्ते कि समय रहते सभी इस टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तौर-तरीके ठीक तरह से सीख लें।

चमन लाल महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के मीडिया स्टडीज विभाग के सहयोग से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के मास कम्युनिकेशन विभाग की अध्यक्ष डॉ. ताहा सिद्दीकी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में डेटा महत्वपूर्ण है,




सही जानकारी होना आवश्यक है। सूचना के स्रोत पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसमें समाचार पत्र, टीवी, रेडियो, वेबसाइट, ट्विटर, यूट्यूब, व्हाट्सएप, टेलीग्राम इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गूगल प्रति सेकंड 70 हजार सूचनाओं की खोज करता है। हर मिनट यूट्यूब पर 500 घंटे का वीडियो अपलोड किया जाता है। इन सबके बीच भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहना होगा। कार्यक्रम और समानांतर सत्रों में लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें डोल्मा पासिंग, कार्तिक, अगन, अनुकृति और वृद्धि ने विशेष भूमिका निभाई कार्यशाला में डॉ. हिमानी बिंजोला, डॉ. संदीप भट्ट, डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. ऋचा चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस मौके पर विधालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा कोषाध्यक्ष अरुण हरित प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय ने भी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया।

**विदेशी छात्रों को भाया गांव...**छात्रों के दल के साथ महाविद्यालय पहुंची तंजानिया की छात्रा मेरी और साउथ सूडान के एंटनी ने पहली बार भारत का ग्रामीण इलाका देखा। मेरी ने स्थानीय छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति में विशेष रुचि दिखाई जबकि एंटनी ने स्थानीय दृश्यों को अपने कैमरे में कैद किया।

# 6.35 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 6.35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 अभियान ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय एसएसपी हरिद्वार द्वारा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए अवैध नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 13 सितंबर 2025 को क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 6.35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस युवक ने अपना नाम शोएब पुत्र सलीम निवासी मरगुबपुर थाना बहादराबाद उम्र 22 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल अजीत तोमर वीरेंद्र बनोला अरविंद उर्फ सक्सेना शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## तमंचा लेकर वीडीओ बनाना युवक को पड़ा भारी

# पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** तमंचे के साथ वीडियो बनाना युवक को भारी पड़ गया। वीडियो पर संज्ञान लेकर पुलिस ने युवक को तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वीडियो में अपने प्रतिद्वंदी युवकों को गालियां बकता नजर आ रहा है।

सोशल मीडिया की मदद से फेमस होने को लेकर युवाओं में होड़ मची है। जिस वजह से युवा आपत्तिजनक कंटेंट और नियमों का उल्लंघन कर वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। इस बीच रुड़की कोतवाली पुलिस के पास एक युवक की वीडियो सामने आई। जिसमें युवक तमंचा लेकर वीडियो बना रहा था। वीडियो पर संज्ञान लेकर उप निरीक्षक चंद्र मोहन सिंह, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी और दिनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद माजीद उर्फ सुच्चा निवासी गांव जलालपुर को बीती रात नंद कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में मोहम्मद माजीद ने बताया कि करीब एक महीने गांव जलालपुर के युवकों से झगड़ा हो गया था। जिस वजह से खुद की हिफाजत और युवकों से बदला लेने के लिए तमंचा रख रहा था और डराने धमकाने के इरादे से तमंचे के साथ वीडियो बनाई। प्राथमिक जांच पड़ताल में पता चला है की माजिद के खिलाफ करीब डेढ़ साल पूर्व भी पुरकाजी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की थी।

# आईआईटी मे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आईआईटी में कर्मचारी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा वार्षिक सातवीं खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। आगामी पंद्रह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बारह खेलों में अलग अलग विभागों के कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन फुटबॉल मैच से हुआ।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि संस्थान के खेल अधिकारी आलोक पांडेय ने कहा कि जल्द ही इंटर आईआईटी स्पोर्ट्स मीट का आयोजन होने जा रहा है और यह प्रतियोगिताएं उसका अभ्यास माने तो गलत नहीं होगा। उन्होंने कर्मचारियों को अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजकुमार सिंधु व विशिष्ट अतिथि लोजमो संयोजक सुभाष सैनी ने कहा कि अपनी दिनचर्या के साथ खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने से जहां काम का तनाव दूर होता तो वहीं शरीर भी स्वस्थ रहता है। क्लब के अध्यक्ष ठाकुर राजपाल



सिंह ने बताया कि अगले पंद्रह दिनों तक संस्थान के कर्मचारी,सेवानिवृत कर्मचारी और उनके परिजन बास्केट बॉल,स्विमिंग, बैडमिनटन,क्रिकेट,फुटबॉल, हॉकी,टीटी,एथलेटिक्स,लॉन टेनिस, चौस आदि प्रतियोगिताओं में भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मानपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में फार्मेसी एसोसिएशन उत्तराखंड के उपाध्यक्ष बृजेश कुमार, फुटबॉल संयोजक योगेंद्र बलधरे,दलजीत सिंह,सीताराम शर्मा,विजयपाल,लेखराज,रवि मोहन,अनिल शर्मा,मुकेश कौशिक,सुरेंद्र कपिल,लक्ष्मण यादव,अशोक कुमार,सेठपाल आदि उपस्थित रहे।

## पारिवारिक समस्या बताने का झांसा देकर ठगी करने वाले

# दो तांत्रिक गिरफ्तार, फोन व रकम बरामद

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर की महिला से सम्मोहन कर ठगी में शामिल दो कलियर के तांत्रिक पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं।आरोपियों से दो फोन और 28070 रुपये बरामद किए हैं।

रुड़की कोतवाली को रेखा निवासी पता रामपुरी थाना कोतवाली शिव चौक मुजफ्फरनगर ने तहरीर देकर बताया था कि बीते मंगलवार को वह रुड़की से होकर गुजर रही थी। तभी नगर निगम पुल के पास दो लोगों ने उन्हें रोक लिया था। परिवार पर कुछ संकट की बात कहकर अपनी बातों में



उलझाना शुरू कर दिया था। सम्मोहन के बाद दोनों ठग जेवरात और करीब 1200 रुपये लेकर वहां से फरार हो गए थे। जिसके बाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक लोकपाल परमार ने महिला को सम्मोहित कर ठगी में शामिल ठगों की तलाश शुरू कर दी थी। अपर उप निरीक्षक एएस पावर, हेड कांस्टेबल यूनुस बैग, प्रवीण, अमित रावत और प्रदीप डंगवाल ने बीती रात शादाब निवासी अब्दाल साहब रोड चारमीनार के पीछे थाना कलियर और साजिद निवासी गांव हरेटी कोतवाली देहात जिला सहारनपुर हाल वाजिद गेस्ट हाउस नई बस्ती थाना कलियर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से दो फोन और करीब 28000 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने महिला को पारिवारिक समस्या की बातें कर सम्मोहित किया था। फिर भविष्य की बातें बताकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

# कर्मचारियों में आपसी संघर्ष आठ के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** ग्राम भलस्वागाज में स्थित सोलर प्लांट में काम करने वाले दो पक्षों में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में शुक्रवार को हुए झगड़े में दोनों से आठ लोगों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देना तथा एससी एसटी एक्ट के तहत दोनों और से क्रॉस मुकदमा थाने मेंदर्ज किया कराया गया है।

ग्राम भलस्वागाज निवासी अशोक कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के ही पास स्थित सोलर प्लांट में वह तथा गांव का ही संजय प्लांट में साझा काम करते हैं। प्लांट में काम करने के एवज मे मिले पैसे मांगने पर संजय शांतनु कुलदीप तथा विकास ने मिलकर मुझे तथा मेरे भाई प्रमोद को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिए। कुछ लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। दूसरे पक्ष की ओर से संजय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि जब वह सोलर प्लांट में काम करने गया था। तो वहां पर अशोक प्रियांशु प्रमोद तथा अंकित आ गए तथा उन्होंने आते ही उसके साथ गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी झगड़ा होने पर वहां पर कुछ अन्य लोग भी आ गए। लोगों के इकट्ठा होने पर उक्त लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि दोनों से आई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए डेढ़ लाख

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति ने थाना पिरान कलियर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उसके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात व्यक्ति ने 1,49,017 रुपये की ठगी कर ली।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बताया कि 2 जून 2025 को उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन कॉल आई। कॉल उठाते ही फोन कॉल फॉरवर्ड हो गई। जिसकी जानकारी उन्हें नहीं हो सकी। इस दौरान उनके क्रेडिट कार्ड से 1,49,017 रुपये की निकासी हो गई।जब खाते से पैसे कटने का मैसेज फोन पर आया तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ।उसने उसी दिन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।इसके बावजूद अब तक न तो रुपये वापस हो पाए हैं और न ही ठग के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है। पीड़ित ने थाना पिरान कलियर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर से सामान लेने गई युवती प्रेमी संग फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती शुक्रवार को अपने प्रेमी के साथ उस समय फरार हो गई जब वह घर से झबरेड़ा कस्बे के बाजार में कुछ सामान लेने आई थी।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उसकी पुत्री कस्बे के बाजार में कुछ सामान लेने के लिए आई थी। शाम होने पर भी घर वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों द्वारा आसपास तथा रिश्तेदारी व जान पहचान में पता किया गया। बाद में उन्हें बताया गया कि दूसरे गांव के एक युवक के साथ उसकी पुत्री देखी गई है। व्यक्ति द्वारा पुलिस से अपनी पुत्री का पता लगाकर स कुशल वापस लाने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर ज्योति का पता लगाने के लिए पुलिस टीम बनाई गई है। शीघ्र ही युवती का पता लगा लिया जाएगा।

# आपस में गाली गलौज व मारपीट कर रहे तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा शनिवार को आपस में गाली गलौज व झगड़ा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांति भंग में कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम भक्तों वाली में शनिवार को गांव के ही सौरभ कुमार आनंद कुमार तथा ग्राम हरचंदपुर माजरा निवासी अमन कुमार गाली गलौज में मारपीट कर रहे थे। पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर उक्त तीनों को गिरफ्तार कोई थाने लाया गया। तथा तीनों के खिलाफ शांति भंग में कार्यवाही कहते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# खानपुर ब्रह्मपुर गांव में राशन की दुकान सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**खानपुर।** खानपुर ब्रह्मपुर गांव के राशन डीलर की ओर से लगातार राशन वितरण में गड़बड़ी की जा रही थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर राशन की दुकान को सील कर दिया है। मामले की जांच फिलहाल जारी है।

जानकारी के अनुसार राशन डीलर पर आरोप है कि वह हर तीन महीने में केवल दो महीने का ही राशन देता है जबकि एक महीने का राशन गबन कर लेता है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर मिट्टी का तेल देकर राशन कार्ड धारकों के ऑनलाइन अंगूठे लगवा लेता है और उस माह का पूरा राशन स्वयं रख लेता है। इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि कभी चीनी नहीं दी जाती तो कभी तौल में 2 से 5 किलो तक राशन कम दे दिया जाता है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो डीलर उन्हें धमकाता है और कहता है जो करना है कर लो। बृहस्पतिवार शाम तहसीलदार लक्सर प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम गांव पहुंची। ग्रामीणों ने मौके पर ही राशन डीलर की शिकायत करते हुए उसकी दुकान को निरस्त करने की मांग की।

तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि गांव की राशन दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित डीलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रंजिश में युवक पर हमला, घायल

**रुड़की।** पनियाला रोड पर रंजिश के कारण एक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के शिवमपुरम निवासी दीपक जो मुख्य बाजार की एक दुकान में काम करता है उसका गणेशपुर के कुछ युवकों से विवाद चल रहा है। बृहस्पतिवार शाम काम खत्म कर घर लौटते समय जैसे ही दीपक पनियाला रोड पर पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। उन्होंने गाली-गलौज कर विरोध करने पर उसे धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। घायल दीपक घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसका उपचार कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर में जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था 12 सितंबर 2025 को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे हैं सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सोनू पुत्र मदन निवासी महेश्वरा थाना खानपुर बंटी सैनी पुत्र रणधीर सिंह सैनी ग्राम कुड़ी नेतवाला थाना लक्सर रियाजुल पुत्र फुरकान निवासी ग्राम खेड़ी खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 26 वर्ष बताया। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी बिपिन कुमार उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरविंद चंदेल नवीन चंद शामिल रहे। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए 17 दावेदार, पर्यवेक्षक बोले

# समर्पित कार्यकर्ता को ही मिलेगी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए करीब 17 लोगों ने आवेदन किया है। पर्यवेक्षक राव नरेंद्र सिंह ने इन नामों पर रायसुमारी कर कार्यकर्ताओं के विचार जाने। वहीं दावेदार भी पर्यवेक्षक के सामने अपने आपको मजबूत दिखाने का प्रयास करते रहे।

लोक निर्माण विभाग में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पर्यवेक्षक राव नरेंद्र सिंह ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं की राय जानी। बंद कमरे में सभी से एक एक कर बातचीत की और उनके विचार जाने। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ आवेदन करने पहुंच रहे हैं। बताया कि सभी आवेदोकों के आवेदन दिल्ली कार्यालय को भेजे जाएंगे और जांच के बाद ही जिला अध्यक्ष की घोषणा की होगी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष उसे ही चुना जाएगा जो संगठन के लिए समर्पित हो और पार्टी को एकजुट कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही 2027 में राज्य में सरकार बनाने की राह आसान करेगा।

प्रदेश महासचिव सचिन गुप्ता ने कहा की आज संगठन विस्तार को लेकर जिलाध्यक्ष के पद के लिए आए पर्यवेक्षक के द्वारा राय सुमारी की जा रही है। जिसमे



अभी दावेदार अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंच रहे हैं और पर्यवेक्षक के समक्ष अपनी अपनी दावेदारी कर रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इंटक उदय सिंह पुंडीर,महानगर अध्यक्ष एड. चौधरी राजेंद्र सिंह, सुधीर शांडिल्य, सुभाष सैनी, आदेश सैनी, हेमेंद्र चौधरी, मेलाराम प्रजापति, रविन्द्र खन्ना, रीतू कंडियाल,मंजू कश्यप, जसविंदर सिंह,तेलूराम प्रधान, शिवम खन्ना, राहुल सैनी,श्रवण गोस्वामी, कलीमखान,पंकज सैनी, हाजी नौशाद, योगेश धीमान आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** केंद्र सरकार द्वारा आरंभ की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से जुड़ी जानकारी के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा लघु उद्योग भारती रुड़की और रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के माध्यम से कार्यशाला रामनगर औद्योगिक क्षेत्र रुड़की में आयोजित की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से जुड़ी जानकारी जिसके अंतर्गत 1अगस्त 2025 के पश्चात नए युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाई में रोजगार देने पर श्रमिक और उद्यमी दोनों को केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की माध्यम से छूट दिए जाने का प्रावधान है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने उद्यमियों को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाकर युवाओं को इस योजना के माध्यम से रोजगार देने का निवेदन किया। कार्यशाला में केतन भारद्वाज, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, वीरेंद्र शुक्ल, महामंत्री, लघु उद्योग भारती, रुड़की एवं अशोक शुक्ल, महामंत्री, लघु उद्योग भारती, हरिद्वार ग्रामीण ने सुनील बब्बर, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद व्यक्त किया। रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष





बीबी गुप्ता ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की वरिष्ठ अधिकारियों का उद्योगों को योजना की जानकारी देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से औद्योगिक संगठनों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए जीएसटी रिफॉर्म के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पास किया। कार्यक्रम में पीयूष जिंदल राजीव जिंदल हरिमोहन कपूर राकेश मित्तल अजय गर्ग ऐ क्यू अंसारी, राजकुमार शर्मा राजीव धामी वीपी सिंह हिमांशु वालिया संजय गुप्ता अभिषेक सरीन सहित बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया

# भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में AI मिनिस्टर

## अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बना, जिसके पास एक पिक्सल और कोड से बने एआई मंत्री

**तिराना।** अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसके पास एक एआई मंत्री है। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि पिक्सल और कोड से बनी एक वर्चुअल मंत्री है, जो पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुताबिक काम करती है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हाल ही में चौथी बार चुनाव जीतने के कुछ महीनों बाद डिएला को अपने कैबिनेट में शामिल किया है।

डिएला को सरकारी फंडिंग प्रोजेक्ट्स और पब्लिक टेंडरों में भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। विपक्ष ने इसकी आलोचना की है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट है और संविधान के खिलाफ भी है। अल्बानियाई भाषा में डिएला नाम का मतलब 'धूप' या 'सूरज' होता है। डिएला इससे पहले भी अल्बानिया में काम कर चुकी है। वह एक एआई-आधारित वर्चुअल असिस्टेंट थी, जो नागरिकों को सरकारी दस्तावेज पाने में मदद करती थी। यानी कि अल्बानियाई नागरिक पहले से ही डिएला से परिचित हैं। रामा का दावा है कि डिएला ने ई-अल्बानिया प्लेटफार्म पर दस लाख से ज्यादा लोगों की मदद की। लेकिन अब उनका इरादा है कि डिएला को एक



**पीएम बोले: सरकारी ठेकों पर नजर रखेगी, विपक्ष ने कहा: यह पब्लिसिटी स्टंट, संविधान के खिलाफ**

साधारण चैटबाट से कहीं आगे ले जाकर सरकारी कामकाज का अहम हिस्सा बनाया जाए। डिएला पहली बार 19 जनवरी 2025 को लॉन्च हुई थी। उसे अल्बानिया की डिजिटल सेवा प्लेटफार्म ई-अलबानिया में वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में पेश किया गया।

सरकारी डेटा लीक नहीं करेगी डिएला रामा कहते हैं कि बड़ी-बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पुराने तरीकों पर अटकी हैं, जबकि अल्बानिया इस पहल के जरिए एक छलांग लगा सकता है। रामा ने कहा कि उनका मकसद अल्बानिया को ऐसा देश बनाना है जो पूरी तरह करप्शन फ्री हो। एआई मंत्री बनाना एक प्रतीकात्मक कदम है क्योंकि अल्बानिया के संविधान के मुताबिक मंत्री बनने के लिए इंसान का वयस्क और सक्षम होना जरूरी है। लेकिन फिर भी, एक इंसान की बजाय एआई को चुनने के कई फायदे बताएं जा रहे हैं। डिएला कभी सरकारी रहस्य लीक नहीं करेगी, न ही भ्रष्टाचार या खर्च घोटालों में फंसेगी। उसे सिर्फ बिजली चाहिए।

इससे पहले जून में रामा ने कहा था कि एक दिन अल्बानिया में डिजिटल मंत्री या यहां तक कि एआई प्रधानमंत्री भी हो सकते हैं। तब बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि यह इतनी जल्दी हकीकत बन जाएगा। अल्बानिया की राजधानी तिराना में शुक्रवार को एनीयो कासो, जो अल्बानिया के कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख हैं, ने एआई मंत्री डिएला का परिचय दिया। डिएला की नई भूमिका को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रहीं है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'हास्यापद' और 'असंवैधानिक' कहा है। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यह अच्छी पहल है। वित्तीय सेवाओं की कंपनी बाल्कन कैपिटल की संस्थापक अनीडा बजरकतारी बिजा ने कहा कि पीएम एडी रामा अक्सर सुधारों को नाटकीयता के साथ पेश करते हैं, इसलिए लोग इसे दिखावा मान सकते हैं, लेकिन अगर इसे सचमुच पारदर्शिता बढ़ाने और भरोसा कायम करने वाले सिस्टम में बदला गया, तो यह उपयोगी साबित हो सकता है। भ्रष्टाचार-विरोधी एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि एआई से फायदा हो सकता है। किंग्स कालेज लंदन के डा. एंडी होक्सहाज का कहना है कि अगर एआई सही तरह से प्रोग्राम किया जाए, तो यह आसानी से बता सकता है कि कम्पनी ने जो दावें किए थे उसे पूरा किया या नहीं। होक्सहाज का मानना है कि अल्बानिया के पास भ्रष्टाचार से निपटने का बड़ा कारण है, क्योंकि यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में यह सबसे अहम शर्त है।



मुंबई। दादर बीच पर सफाई अभियान में भाग लेते युवा।

## नेपाल हिंसा: पीएम पद छोड़ने वाले ओली पर एफआईआर

■ आरोप: पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश दिया

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितम्बर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितम्बर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं। वहीं, नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हास्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 97 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ से कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई और 44 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने यह जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार शुक्रवार को रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ ने पूरे प्रांत में 4500 से जयादा गांवों को नुकसान पहुंचाया है।

### इराक में मस्जिद में सुन्नी मौलवी की हत्या

**बगदाद।** इराक की राजदानी बगदाद के दक्षिणी डोरा जिले में स्थित एक मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल सत्तार अल-कुरघुली की शुक्रवार को मस्जिद के अंदर हत्या कर दी गई। इराक में सुन्नी मुस्लिम धार्मिक मामलों की देखरेख करने वाली सुन्नी एंडोमेंट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया गया है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### यूक्रेन के ड्रोनों ने रूस के तेल टर्मिनल पर किया हमला

**कीव।** यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने ड्रोनों के जरिए बाल्टिक सागर पर रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनल प्रिमोर्स्क बंदरगाह पर हमला किया। उक्रिनफॉर्म समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। आगे कहा कि ड्रोनों ने बंदरगाह में एक जहाज और एक पम्पिंग स्टेशन पर हमला किया, जिससे आग लग गई तथा तेल की आपूर्ति अस्थाई रूप से रुक गई।

## चीन पर लगाएं 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ: ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने भेजा नाटो देशों को पत्र यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए एकजुट होकर सामने आएं**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रम्प ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आप तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए, जिन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाए तो यह इस खौफनाक और बेवजह के युद्ध को खत्म करने में बहुत मददगार साबित होगा। ट्रम्प ने आगे लिखा, चीन का रूस पर काफी मजबूत नियंत्रण है और पकड़ बनी हुई है। ये सख्त टैरिफ उस पकड़ को कमजोर करने का काम करेंगे।

## भारत की चुप्पी को जॉन बोल्टन ने सराहा

### पूर्व अमेरिकी एनएसए ने टैरिफ मुद्दे को लेकर कहा: यह ट्रम्प से निपटने का सबसे अच्छा तरीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है।

मुझे लगता है कि ट्रम्प जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी। पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रम्प द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब



**बोल्टन ने कहा: अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी**

प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है। भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रम्प को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रम्प की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाना चाहिए। ट्रम्प के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रम्प की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षों से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ है। यह दर्शाता है कि ट्रम्प कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है। जबकि चीन भारत से कहीं बड़ा खरीदार है और कई अन्य खरीदार हैं।

## इजरायल ने पाक को दिखाया आईना

**न्यूयार्क।** इजरायल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इजरायल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दरअसल पाकिस्तान ने कतर में इजरायली हमले की निंदा की और पूछा कि श्विदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया? इस पर इजरायली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इजरायली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया।

## नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी

### अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में मदद मांगने का सिलसिला जारी है। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 काल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है।

डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने-पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखने लगा है। चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस



■ सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं

के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए। सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है। रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर माल लदे ट्रकों की लंबी कतार लगी है। इनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवा, चावल, मक्का और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। शुक्रवार सुबह अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल टैंकरों को प्राथमिकता पर नेपाल सेना की सुरक्षा में भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रक अब भी फंसे हुए हैं। बार्डर पर हालात ऐसे ही रहे तो नेपाल में खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। सीमा सील होने से परिवहन पूरी तरह प्रभावित है। आम दिनों में रुपईडीहा से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, शिमला, हरिद्वार और गोवा जाने वाली निजी बसें नेपाली यात्रियों से भरी रहती थीं, लेकिन अब ये बसें हाईवे 927 के किनारे खड़ी हैं। जिले से सटे नेपाली गांवों में दो दिन हुई हिंसा के बाद नेपाल सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में मारे गए सेना के 12 जवान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में शनिवार तड़के सुबह आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें 12 जवान मारे गए और चार अन्य घायल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने नाम न बताने के शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे घटी जब आतंकियों ने सुरक्षा बलों की दल पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने आगे बताया कि घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन का एक स्थानीय कमांडर इस क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि अभी किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## ब्रिटेन में दिनदहाड़े भारतवंशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

■ आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा
■ पुलिस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा।

पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी। पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिए की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और दस्ताने पहने हुए थे। वहीं दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की। इस घटना को लेकर ब्रिटेन के भारतवंशी और सिख समुदाय में गहरी नाराजगी और गुस्सा है। ब्रिटेन में हाल के समय में सिख समुदाय के खिलाफ नस्लीय हमलों की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।

## रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**सुनामी की चेतावनी जारी बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज हुए**

**मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूएसजीएस ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महिनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज किए गए हैं। रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग आफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1200 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे (मैग्निटयूड 2.0 से 4.0 के बीच) थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए।

## हिंदी दिवस पर विशेष...

# हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी का संबंध

**भारत** की भाषाई विरासत विश्व की सबसे समृद्ध परंपराओं में गिनी जाती है। विभिन्न भाषाएं विचारधाराए हमारे समाज में विद्यमान है संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को आधिकारिक दर्जा प्राप्त भारतीय मुद्रा पर 15 भाषाएं प्रदर्शित की जाती हैं इनमें हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। यहां की बोलियों, उपभाषाओं और भाषाओं ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को जन्म दिया है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है। इसी क्रम में हिन्दुस्तानी भाषा का उल्लेख सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हिंदी और उर्दू दोनों की जननी कही जाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर इन दोनों भाषाओं के संबंध को समझना हमारे लिए प्रासंगिक है।

बहरहाल मध्यकालीन भारत में विभिन्न जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों का परस्पर मिलन हुआ। फारसी, अरबी, तुर्की और संस्कृत जैसी भाषाओं का संपर्क स्थानीय बोलियों से हुआ, जिससे एक साझा बोलचाल की भाषा का निर्माण हुआ। यही भाषा आगे चलकर हिन्दुस्तानी कहलाई। यह भाषा सरल, समझने में आसान और जनमानस की भाषा थी। लिपि को अगर भूल जाएं तो आज भी जनमानस की भाषा वही हिन्दुस्तानी है। हिन्दुस्तानी भाषा के दो रूप विकसित हुएकृहिंदी और उर्दू। हिंदी ने संस्कृत शब्दावली को अधिक ग्रहण किया और देवनागरी लिपि को अपनाया। उर्दू ने फारसी और अरबी शब्दों को आत्मसात किया और नस्तालीक लिपि का उपयोग किया। अमीर खुसरो को जहां हिंदी भाषी लोग हिंदी के पहले कवि कहते हैं वही उर्दू भाषी लोग उन्हें उर्दू का पहला शेयर मानते है।लेकिन दोनों की व्याकरण, वाक्य रचना और मूल स्वरूप एक ही है। यही कारण है कि सामान्य बोलचाल में हिंदी और उर्दू की सीमाएं अक्सर धुंधली पड़ जाती हैं।






शहजाद अली

### 1 साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान


हिंदी और उर्दू दोनों ने मिलकर भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यही हिंदुस्तानी भाषा राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति बनी रही। एथनोलोग 2020की रिपोर्ट के मुताबिक हिन्दी-उर्दू बोलने वालों की जनसंख्या 85करोड है। अमीर खुसरो, खघन खाना,कबीर, तुलसीदास और सूरदास जैसे कवियों की हिंदी रचनाओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। मीर, गालिब और फैज जैसे उर्दू शायरों ने प्रेम, मानवता और सामाजिक चेतना को स्वर दिया। दोनों भाषाओं के साहित्य ने एक-दूसरे से शब्द, शैली और भाव ग्रहण किए, जिससे एक अनूठा सांझा साहित्यिक संसार बना।

### 2 राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी-उर्दू का संबंध केवल भाषाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक भी है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, हिंदी और उर्दू, भले ही अलग-अलग रूपों में विकसित हुई हों, परंतु उनकी आत्मा एक ही है हिन्दुस्तानी। हिंदी दिवस के अवसर पर हमें याद रखना चाहिए कि भाषा कोई दीवार नहीं, बल्कि पुल है जो दिलों को जोड़ती है। हिंदी और उर्दू का संबंध भाईचारे, साझी संस्कृति और भारतीयता की पहचान है। दोनों को मिलकर ही हम अपनी भाषाई धरोहर को पूर्ण रूप में समझ सकते हैं।

# शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए

## शाहरुख की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1500 परिवारों तक पहुंचाई मदद



### गुरु रंधावा किसानों को देंगे नई फसल की शुरुआत का सहारा



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है।

मीर फाउंडेशन स्थनीय एनजीओ के साथ मिलकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयां, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं। यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तुरंत स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवार सम्मान के साथ अपनी जिंदगी को दोबारा पटरी पर ला सकें।

उधर, जानेमाने गायक गुरु रंधावा पंजाब में किसानों के बीच गेहूं के बीज का वितरण करेंगे। गुरु रंधावा ने हमेशा संकट के समय अपने लोगों का साथ दिया है। हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ के दौरान, वह सबसे पहले मदद करने वालों में शामिल रहे। इससे पहले उन्होंने उस मां का घर दोबारा बनवाने का वादा किया था, जिसने इस आपदा में अपनी छत खो दी थी।अब एक और सराहनीय कदम उठाते हुए, गुरु रंधावा ने घोषणा की है कि जैसे ही बाढ़ का पानी कम होगा और हालात सामान्य होंगे, वे सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को गेहूं के बीज वितरित करेंगे। इस पहल का मकसद किसानों को खेती फिर से शुरू करने और सम्मान के साथ जीवन को दोबा. रा बसाने में मदद करना है। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गुरु ने कहा, जैसे ही बाढ़ खत्म होगी और पानी नीचे जाएगा, मैं प्रभावित गांवों में गेहूं के बीज बांटूंगा ताकि अगली फसल बोई जा सके और लोग एक नई शुरुआत कर सकें। गुरु रंधावा का यह कदम उनके जड़ों से गहरे जुड़ाव और पंजाब के लोगों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। बाढ़ की कुछ झलकियां भी साझा की व सभी से बेहतर दिनों की दुआ करने का आग्रह किया।



# दोस्तों के चक्कर में चलती ट्रेन से कूद गईं करिश्मा शर्मा



## हादसे में सिर और पीठ पर चोट लगी, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई।** एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा मुंबई लोकल ट्रेन से सफर करते समय हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी जानकारी दी। करिश्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा, कल जब मैं चर्चगेट शूट के लिए जा रही थी तो मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन से जाने का फैसला किया। जैसे ही ट्रेन में चढ़ी, वह तेज होने लगी। मैंने देखा कि मेरे दोस्त ट्रेन पकड़ नहीं पाए। डर की वजह से मैंने छलांग लगा दी और पीछे गिर गई। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, मेरी पीठ में चोट लगी है, सिर पर सूजन है और पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। डाक्टरों ने MRI किया और मुझे एक दिन के लिए आब्जर्वेशन में रखा है। ताकि सिर की चोट सीरियस न हो। कल से दर्द हो रहा है, लेकिन मैं हिम्मत बनाए हुए हूं।

जल्दी ठीक होने के लिए दुआ करें और अपना प्यार भेजें, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। करिश्मा की एक दोस्त ने भी अस्पताल से उनकी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, यकीन नहीं हो रहा, मेरी दोस्त ट्रेन से गिर गई और उसे कुछ याद नहीं है। हमने उसे फर्श पर पाया और तुरंत अस्पताल लाए।

डाक्टर जांच कर रहे हैं। सब दुआ करें कि वह जल्दी ठीक हो जाए। उनकी दोस्त ने घटना से पहले का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें करिश्मा स्टेशन पर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। बता दें कि करिश्मा शर्मा प्यार का पंचनामा 2 और रागिनी एमएमएस रिटर्न्स जैसे प्रोजेक्ट्स से जानी जाती हैं। करिश्मा शर्मा होटल मिलन, फस्टी फसाते और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में भी नजर आईं।

करिश्मा ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने लाइफ सही है से वेब डेब्यू किया। इसके अलावा हम-आई एम बिकाज आफ अस, फिक्सर और सुमेर सिंह केस फाइल्स गर्लफ्रेंड्स जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं। घटना के बाद लोग करिश्मा की सलामती और हादसे की जानकारी जानने के लिए गूगल पर उन्हें सर्च कर रहे हैं।

## मेरे रहो 12 दिसम्बर को होगी रिलीज

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म मेरे रहो में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान और साई पल्लवी हैं।

# जो अजब है वो गजब है के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट

**मुंबई।** नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग, उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है जिन्हें समाज की सोच रोकती है।

यह लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडिया गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन जो अजब है, वो गजब है इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। यह कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं। इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

# कंतारा: चैप्टर 1 के लिए होम्बले फिल्म्स ने देशभर से जोड़े कारीगर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने कंतारा: चैप्टर 1 की भव्य दुनिया बनाने के लिए भारत के कारीगरों और संस्कृति का शानदार संगम किया है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1' एक बेहद अनोखी फिल्म है, जो ऐसे अंदाज से भारतीय संस्कृति को दिखाती है, जिसकी वो असल में हकदार है। मेकर्स ने इस सोच को पूरा करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1 जनता द्वारा सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। साल 2022 में आई कंतारा बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनकर सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी, जिसे बाद इस प्रीक्वल से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यह फिल्म कंतारा की दुनिया को बड़े पैमाने पर पेश करने के लिए तैयार है, जिसके लिए कारीगरों और क्रू के मेंबर्स ने अलग-अलग राज्यों से आकर फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिदा करने में अपना घस योगदान दिया है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और बाकी जगहों से कारीगर और क्रू के मेंबर्स आए। हर कारीगर और क्रू मेंबर ने फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने के लिए अपनी खासियत का कमाल दिखाया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma In Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...

:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# 52 वर्ष की हुईं महिमा चौधरी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री महिमा चौधरी आज 52 वर्ष की हो गई। महिमा चौधरी का जन्म पश्चिम बंगाल के दार्जिलिग में 13 सितम्बर 1973 को हुआ था। उन्होंने दसवी कक्षा तक कुर्सेओंग में डॉवहिल में पढ़ाई की और बाद में दार्जिलिग के लोरेटो कॉन्वेंट में चली गई । उन्होंने स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस दार्जिलिंग का खिताब जीता। महिमा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित सुभाष घई की ब्लॉककबस्टर फिल्म परदेस से की। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। अपनी पहली रिलीज परदेस से पहले, उन्होंने अपने निर्देशक सुभाष घई की सिफारिश पर अपना नाम बदलकर महिमा चौधरी रख लिया, जो मानते थे कि एम अक्षर उनकी फिल्मों में अग्रणी अभिनेत्रियों के लिए भाग्यशाली होता है। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए महिमा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2006 में शादी करने के बाद महिमा चौधरी ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया था। जब महिमा काम कर रही थी, उसी दौरान उनका एक भयानक एक्सीडेटं भी हुआ था। फिल्म दिल क्या करे की शूटिंग के दौरान महिमा चौधरी का कार एक्सीडेंट हुआ था- उस दौरान उनके चेहरे में कांच के टुकड़े धंस गए थे-उस दौरान महिमा के चेहरे से कांच के 67 टुकड़े निकाले गए थे। वर्ष 2006 में महिमा ने बिजनेसमैन बॉबी मुखर्जी से शादी की थी, लेकिन वर्ष 2013 में दोनों का तलाक हो गया। महिमा की एक बेटी है जिसका नाम आर्यना है। महिमा की जिंदगी में सिर्फ एक्सीडेंट ही नहीं, बल्कि एक और बड़ा चैलेंज ब्रेस्ट कैंसर के रूप में आया, लेकिन महिमा ने हिम्मत नहीं हारी और इस बीमारी से भी लड़ाई जीती। महिमा ने अपनी बेटी आर्यना का जिक्र करते हुए बताया था कि जब वो कैंसर से परेशान थी, तब उनकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिससे उनकी मम्मी को कोविड 19 का खतरा न हो। महिमा चौधरी अब पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं। महिमा चौधरी ने अपने सिने करियर में लगभग 35 फिल्मों में अभिनय किया है। महिला चौधरी की इस वर्ष फिल्म इमरजेंसी प्रदर्शित हुई है। दाग द फायर, कुरुक्षेत्र, दिल क्या करे, लज्जा, दीवाने, खिलाड़ी 420, ओम जय जगदीश, दिल है तुम्हारा, सौतन, सहर, सैंडविच, बागबान आदि हैं।